हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, रविवार
09.03.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 37
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने की लखपति दीदियों से बात



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी जिले में लखपति दीदियों से बातचीत की। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद थे। लखपति दीदी एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपए या उससे ज्यादा है। इस आय की गणना कम से कम चार कृषि मौसमों और व्यवसाय चक्रों के लिए की जाती है, जिसमें औसत मासिक आय दस हजार रुपए से ज्यादा होती है। पीएम मोदी पांच लखपति दीदियों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया और सभा को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री गुजरात सरकार के जी-सफल और जी-मैत्री कार्यक्रम का भी शुभारंभ करेंगे। जी-मैत्री योजना ग्रामीण आजीविका के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए काम कर रहे स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता और सहायता प्रदान करेगी। जी-सफल गुजरात के दो आकांक्षी जिलों और 13 आकांक्षी ब्लॉकों में अंत्योदय परिवारों की एसएचजी महिलाओं को वित्तीय सहायता और उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान करेगा। पीएम मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की ताकत और योगदान को पहचानते हुए नारी शक्ति को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की कि उनके सोशल मीडिया पर कई क्षेत्रों की महिलाएं इस अवसर पर अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शित कीं। पीएम मोदी ने कहा कि हम महिला दिवस पर अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं। हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है। आज, जैसा कि मैंने वादा किया था, मेरी सोशल मीडिया संपत्तियों को उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा जो विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि नवसारी जिले के वानसी बोरसी गांव में होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बहुत बड़ी व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं भाग ले रही हैं। गुजरात पुलिस ने अनूठी व्यवस्था की। पूरी सुरक्षा महिला अधिकारियों द्वारा की गई है। एडीजीपी से लेकर कॉन्स्टेबल तक सभी महिलाएं।

## शतरंज स्टार, वैज्ञानिक, मशरूम लेडी सहित छह महिलाओं ने संभाला प्रधानमंत्री मोदी का एक्स अकाउंट

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करने वाली छह महिलाओं को सौंपकर देशभर में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। आज प्रधानमंत्री मोदी का एक्स अकाउंट संभालने वालों में शतरंज स्टार, वैज्ञानिक और मशरूम लेडी सहित छह महिलाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने आज उनका सोशल मीडिया अकाउंट्स संभालने वाली छह प्रेरक महिलाओं का जिक्र कर विकसित भारत के निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री की इस पहल के कारण अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छह महिलाओं को प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने प्रेरक विचार और यात्रा को देश-दुनिया के साथ साझा करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, "सुबह से ही आप सभी ने असाधारण महिलाओं द्वारा अपने सफ़र को साझा करने और अन्य महिलाओं को प्रेरित करने वाले प्रेरक पोस्ट देखे हैं। ये महिलाएं भारत के अलग-अलग हिस्सों से हैं और उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों



में उत्कृष्टता हासिल की है, लेकिन एक अंतर्निहित विषय है- भारत की नारी शक्ति का कौशल। उनका दृढ़ संकल्प और सफलता हमें महिलाओं की असीम क्षमता की याद दिलाती है। आज और हर दिन, हम एक विकसित भारत को आकार देने में उनके योगदान का जश्न मनाते हैं। इस अनूठी पहल की घोषणा सबसे पहले प्रधानमंत्री ने 23 फरवरी को अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान की थी, जिससे छह सफल महिलाओं को मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अपनी कहानियां साझा करने का अवसर मिला। इनमें तमिलनाडु के चेन्नई में 2001 में जन्मी वैशाली भी हैं। वह शतरंज की ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2023 में फिडे ग्रैंड स्विस जीतकर महिला विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। वे ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद की बड़ी बहन हैं।

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष



दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला समृद्धि योजना को मंजूरी, गरीब महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब बहनों



को 2500 रुपये देने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का एक सुंदर अवसर है और इस अवसर का सदुपयोग करते हुए हमने अपनी कैबिनेट की बैठक की, जिसमें सभी मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने अपने बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर रेखा गुप्ता के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए। रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ से होता हुआ बेटी बढ़ाओ तक पहुंचा है। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। समाज को आगे आना होगा कि बेटी बढ़ाने के लिए न केवल शिक्षा बल्कि उसका स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तीकरण जैसी हर चीज को जोड़ना होगा। आज समाज में पहले की अपेक्षा बहुत बदलाव है। यह समाज के मन से आना चाहिए कि हमारे लिए बेटी और बेटा बराबर है।

### वायु सेना प्रमुख ने अमेरिकी फाइटर जेट की खरीद पर कहा, ये कोई वाशिंग मशीन या फ्रिज नहीं

**नई दिल्ली।** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को



एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। अब भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बड़ा बयान दिया है। वायुसेना प्रमुख सिंह ने कहा कि अमेरिका ने इस विमान पर अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने भारत को आधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाने और अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। एक कार्यक्रम में एयर मार्शल सिंह ने कहा कि वायु सेना ने अभी तक एफ-35 विमान का विश्लेषण नहीं किया है और इसकी लागत भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह कोई वॉशिंग मशीन या रेफ्रिजरेटर नहीं है कि सिर्फ दिखा और अच्छा लगाने पर खरीद लिया। वायुसेना और रक्षा मंत्रालय ने अभी इस पर कोई विचार नहीं किया है। अब तक कोई प्रस्ताव नहीं आया है। 14 फरवरी को भारत और अमेरिका ने नई 10-वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। तब राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका 'एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेट' विमान की संभावित आपूर्ति सहित भारत को सैन्य हार्डवेयर की बिक्री में वृद्धि करेगा। हालांकि, एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि भारत का पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान कार्यक्रम एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीएम) अभी विकास के चरण में है और इसके पहले विमान के 2035 तक शामिल होने की उम्मीद है।

## भारत में इसी माह से दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन, पर्यावरण संरक्षण में मिलेगी बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली अपनी पहली ट्रेन को पटरियों पर उतारने के लिए तैयार है। यह ट्रेन डीजल और बिजली के बिना दौड़ेगी और पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगी। इस नई तकनीक के साथ रेलवे का कार्बन फुटप्रिंट भी कम होगा। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस ट्रेन का पूरा डिजाइन और तकनीक भारत में ही विकसित की गई है। इसे चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में तैयार किया जा रहा है और शुरुआत में इसे नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन में जींद-सोनीपत रूट पर चलाया जाएगा। सरकार लंबे समय से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी और अब यह सपना साकार होने के करीब है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह ट्रेन 31 मार्च तक संचालन में आ जाएगी। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल



हो जाएगा, जो ग्रीन मोबिलिटी को अपनाने में आगे हैं। जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों में पहले से हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रेल मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के निर्माण के लिए 2,800 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगी। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के मिश्रण से बिजली उत्पन्न कर यह ट्रेन दौड़ेगी, जिससे केवल जल वाष्प उत्सर्जित होगा।

## स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए पुरुषों से महिलाओं को सहयोग करने की अपील की है। राष्ट्रपति नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने



तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को पूरे आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। ओडिशा के एक साधारण परिवार और पिछड़े इलाके में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण आगे भी बढ़ते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने को लेकर लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने हमें कभी निराश नहीं किया है।

## महिलाएं बुद्धि, समर्पण से समाज को नया आकार देने वाली शक्तिशाली एजेंट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने एक्स पर लिखा- जागो, उठो और शिक्षित बनो। परंपराओं को तोड़ो। आजाद हो जाओ। लैंगिक समानता से ही देश में बदलाव आता है। महिलाएं अपनी बुद्धि, समर्पण और शक्ति के जरिए से समाज को नया आकार देने वाली शक्तिशाली एजेंट हैं। वहीं, सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। उनकी ताकत और आवाज हमारे देश के भविष्य को आकार देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं आपके साथ और आपके लिए खड़ा हूं। हर बाधा को तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं जब तक कि हर महिला अपने भाग्य को आकार देने, हर सपने को पाने और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्वतंत्र न हो जाए। महिला दिवस की शुभकामनाएं। वहीं सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा- देश भर की हमारी सभी बहनों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आजादी की लड़ाई से लेकर देश के निर्माण तक- महिलाओं ने हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और अपनी शक्तिशाली नेतृत्व क्षमता को साबित भी किया है। आज महिलाओं की भूमिका और भागीदारी को और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है।

### ईमानदारी से दे रहे आईटी को जानकारी

## 30 हजार लोगों के पास है 30 हजार करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के करदाताओं के बीच 'सबसे पहले भरोसा' बनाने के रुख के साथ किये गये प्रयासों का सकारात्मक असर हुआ है। इसके तहत 30,000 से अधिक




करदाताओं ने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा की है। बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ''स्वैच्छिक आधार पर विदेशी संपत्ति और आय का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या आकलन वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,31,452 करदाता हो गई है जो आकलन वर्ष 2021-22 में 60,000 थी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने इस अभियान में करदाताओं के बीच 'सबसे पहले भरोसा' बनाने को तरजीह दी। इसके तहत विभाग ने 17 नवंबर, 2024 को एसएमएस और ईमेल भेजना शुरू किया।सूत्रों ने बताया कि विदेशी खातों में अधिक राशि रखने वाले या ब्याज अथवा लाभांश के रूप में अधिक विदेशी आय प्राप्त करने वाले कुल 19,501 करदाताओं से संपर्क किया गया। एसएमएस और ईमेल के जरिये करदाताओं से अपनी विदेशी संपत्ति और आय को सही ढंग से दर्शाने के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) को संशोधित करने का अनुरोध किया गया।

## जयशंकर की आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की हालिया आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, व्यापार और रक्षा (एफएम) मंत्री साइमन हैरिस के निमंत्रण पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 6-7 मार्च तक आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा की। आयरलैंड में नई सरकार के गठन के पहले दो महीनों के भीतर हो रही विदेश मंत्री की यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा निरंतर सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दोनों पक्षों की



प्राथमिकता पर बल देती है। बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस से मुलाकात की और बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने अपने आयरिश समकक्ष उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री साइमन हैरिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और द्विपक्षीय सहयोग के पूरे दायरे और आपसी हितों के प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों की समीक्षा की। मंत्रियों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, शिक्षा, गतिशीलता, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित विविध क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उच्च शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और साइबर सुरक्षा, एआई, फिन-टेक और सेमीकंडक्टर सहित नए और उभरते क्षेत्रों में दोनों देशों के व्यवसायों और पेशेवरों के लिए और अधिक अवसर पैदा करने के रास्ते तलाशने पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान के अनुसार, आयरिश उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने डॉ. जयशंकर को आयरलैंड सरकार की कार्य योजना की एक प्रति भेंट की, जिसका उद्देश्य भारत के साथ आयरलैंड के जुड़ाव को बढ़ाना है।

## भारत में तेजी से बढ़ रहे अमीर, पांच सालों में 9 फीसदी होने की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### अमेरिका पहले, दूसरे पर चीन और तीसरे पर जापान फिर है भारत का नंबर

भारत में अमीरों की संख्या बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अगले पांच साल में अमीरों की संख्या में 9 फीसदी से ज्यादा हो जाएगी। रिपोर्ट में इसमें भारत के अलावा दूसरे देशों के अमीरों के बारे में भी बताया है। रिपोर्ट बुधवार को जारी हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 10 मिलियन डॉलर यानी करीब 87 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति वाले अमीर लोगों की संख्या में 2028 तक 9.4 फीसदी की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। 2024 में इनकी संख्या 85,698 थी, जो 2028 तक बढ़कर 93,753 हो सकती है। यह भारत के बढ़ते धन-दौलत का संकेत है। साल 2023 में भारत में 80,686 अमीर थे जो साल 2024 में 6 फीसदी बढ़कर 85,698 हो गए। दुनिया भर के कुल अमीर लोगों में से 3.7 फीसदी भारत के हैं। इस मामले में



भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर चीन और तीसरे पर जापान है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अरबपतियों की संख्या में भी 2024 में पिछले साल के मुकाबले 12 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। अब भारत में 191 अरबपति हैं। इनमें से 26 तो पिछले साल ही इस सूची में शामिल हुए हैं। 2019 में सिर्फ 7 नए अरबपति शामिल हुए थे। भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति करीब 950 अरब डॉलर है। इस मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। पहले नंबर पर अमेरिका 5.7 ट्रिलियन डॉलर और दूसरे पर चीन 1.34 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया भर में अमीरों की संख्या 2024 में 4.4 फीसदी बढ़कर 2,341,378 हो गई, जो साल 2023 में 2,243,300 थी। इस साल की संख्या में उत्तरी अमेरिका सबसे आगे है, लेकिन दुनिया के सभी क्षेत्रों में बढ़ोतरी देखी गई है। एशिया में 5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ दूसरा सबसे बड़ा इजाफा हुआ। इसके बाद अफ्रीका में 4.7 फीसदी, ऑस्ट्रेलिया में 3.9, मध्य पूर्व में 2.7, लैटिन अमेरिका में 1.5 और यूरोप में 1.4 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई है। 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा संपत्ति वालों में से करीब 39 फीसदी अमेरिका में रहते हैं, जो चीन से दोगुना हैं।

## सुबह-सुबह हिली नेपाल की धरती, डर से लोग आए बाहर, कोई हताहत नहीं

**काठमांडू।** नेपाल में शनिवार सुबह हल्की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद लोगा डर के मारे घरों से बाहर आ गए और जान बचाने इधर उधर भागने लगे। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के मुताबिक काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर दूर बागलुंग जिले में सुबह 6.20 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 बताई जा रही है और इसका केंद्र जिले का खुखानी इलाका था। इससे पहले शनिवार को ही तड़के 3.14 बजे बागलुंग से करीब 40 किलोमीटर दूर म्याग्दी जिले में झटके लगे। केंद्र ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई इसका केंद्र म्याग्दी जिले का मुरी इलाका था। बता दें नेपाल भूकंप प्रवण वाले क्षेत्रों में आता है। हाल के दिनों में यहां लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## पहले जेलेंस्की को हड़काया अब पुतिन को धमकाने लगे ट्रंप, कहा- तत्काल अमेरिका पहुंचें

**वॉशिंगटन।** अमेरिका डॉन की तरह काम कर रहा है। जब चाहे जिसे चाहे हड़का देता है और किसी को भी व्हाइट हाउस में तलब कर लेता है। पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को अपने दफ्तर बुलाकर धमकाया रुस को लगा ये बढिया रहा। लेकिन अब रुस को भी अमेरिका ने धमकी भरे अंदाज में व्हाइट हाउस बुलाया है।अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को खुली चेतावनी दे डाली है। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़े पैमाने पर प्रतिबंध और टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने रूस और यूक्रेन से तुरंत बातचीत की मेज पर आने के लिए कहा। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, इस तथ्य के आधार पर कि रूस इस समय युद्ध के मैदान में यूक्रेन पर पूरी तरह से पिटाई कर रहा है, मैं रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध, और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं, जब तक कि युद्ध विराम और शांति पर अंतिम समझौता नहीं हो जाता। ट्रंप ने आगे लिखा, रूस और यूक्रेन, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, अभी बातचीत की मेज पर आ जाइए।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी

**एजेंसी : रांची।** झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी। माह के अंत से रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान चार से पांच डिग्री की वृद्धि होगी। इससे रांची में तापमान बढ़कर लगभग 37-38 डिग्री हो जाएगा, जबकि गर्मी अभी तीन माह बाकी है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड का एहसास हुआ, जबकि दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.9, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री, चाईबासा 34.8, देवघर 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**एजेंसी : रांची : हजारीबाग।** कोर्रा थाना पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम मनीष कुमार साव बताया गया है। कोर्रा थाना प्रभारी महेश कुमार पासवान ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि एक युवक कनहरी हिल रोड पर पार्किंग को लेकर देशी कट्टा के साथ रंगदारी मांग रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया। युवक के पास से पुलिस ने एक यामहा एफजेड बाइक, देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट



**एजेंसी : रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

### राधा- कृष्ण मंदिर में होली मिलन समारोह 10 को



**एजेंसी : रांची।** कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शनिवार को बताया कि संत स्वामी सदानन्द महाराज के आने के बाद वृंदावन की होली के तर्ज पर होली मिलन महोत्सव का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम के परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल में दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूलों की होली और अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी।

**इस अवसर पर श्री राधा- कृष्ण का भव्य श्रृंगार, भजन-कीर्तन किया जाएगा**-कार्यक्रम समापन के बाद सदानंद महाराज शिष्यों और आये हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण करेंगे आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन महोत्सव में अल्पाहार और ठंडई की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी कृष्ण भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### व्यवसायी के घर लाखों की डकैती

**एजेंसी : रांची : गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना इलाके में नकाबपोश अपराधियों ने किराना व्यापारी के घर पर धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया है।घटना को लेकर बताया कि शुक्रवार की देर रात लगभग दो बजे शटर तोड़कर अपराधी पहले किराने की दुकान में घुसे फिर घर के अंदर जाकर परिवार के लोगों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया । बताया गया कि छह से सात की संख्या में आए सभी ने नकाब पहन रखा था। इस दौरान लगभग आधा घंटा में आठ लाख नगद और 12 लाख के जेवरात की लूट कर चलते बने । व्यवसायी मनोज कुमार ने बताया कि रात में जैसे ही अपराधी उसके घर के अंदर दाखिल हुए तो पूरे परिवार को कब्जे में ले लिया। हाथ में देसी कट्टा और लोहे की रॉड था । अपराधियों ने परिवार को मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। फिर नगदी और जेवरात लूट कर फरार हो गए । घटना की सूचना पर जमुआ थाना पुलिस पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। जमुआ में किराना व्यवसायी के घर डकैती मामले में खोरी महुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई है । शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा ।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : डॉ. रंजना



**एजेंसी : रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाइंड और जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से शनिवार को आरोग्य भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख डॉ. रंजना चौधरी ने कहा कि समय बदल रहा है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनने और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के लिए कई कौशल विकास योजनाएं चला रही हैं, जिनका सभी को लाभ लेना चाहिए।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही रानी मिस्त्री के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक निखलेश मैती, कृती सिंह, उषा, सुदिप्ता, राखी भगत, रूमी कुमारी, और अमृता कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए।

**महिलाएं सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभः रंजना**-इसी कड़ी में फाउन्डेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाईन्ड एवं जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से रांची के बाड़ू पंचायत के बुकरू गांव में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और संस्था की निदेशक रंजना चौधरी ने कहा कि अब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं। फाइटर प्लेन भी अब उड़ा रही हैं। गांवों की महिलाएं भी सशक्त हो रही हैं। महिलाओं के लिए सरकार बहुत सारी योजनाएं चला रही हैं, उनका लाभ लेने की जरूरत है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निजी संगठनों के साथ-साथ समाज को भी आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर, बाड़ू पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, ग्राम संगठन की अध्यक्ष पुनीता कुजूर, जेएसएलपी की सीसी दी बिरसमुनी देवी, वार्ड सदस्य इन्द्रजीत मित्रा उपस्थित थे।

# महिला समूहों को दिलायेंगे दो लाख तक की सहायता : सांसद

एजेंसी : रांची




शंखधारा महिला विकास मंडल लोहरदगा कुड़ू के तत्वाधान में महिला दिवस के मौके पर शनिवार को प्रखंड के नावाटोली मैदान में महिला महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए।मौके पर सांसद ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य की महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन लगातार प्रयासरत हैं। महिलाओं को स्वावलंबी तथा सशक्तिकरण किये बगैर समाज, राज्य तथा देश के विकास की बात करना बेमानी है। महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक काम करती हैं। महिलाओं में श्रम शक्ति अधिक होती है। डायन बिसाही कुछ नहीं होता है। डायन कहकर महिलाओं को प्रताड़ित करना सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं हैं, लाचार महिलाओं को अंधविश्वास के कारण प्रताड़ित करना अपराध है। शराब और नशा समाज के लिए ठीक नहीं, नशा से दूर रहने की जरूरत हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि बच्चों को पढ़ाये। इससे समाज आगे बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि महिला समूह को स्वरोजगार के लिए दो लाख तक सहायता दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं सभी काम कर सकती हैं इसलिए वे सेल्फ - हेल्फ बनें। मौके पर शंखधारा महिला विकास मंडल की अध्यक्ष बालवती देवी ने बताया कि कुड़ू प्रखंड के 14 गांवों के 52 महिला समूह का गठन करते हुए शंखधारा महिला विकास मंडल का शुभारंभ किया गया था। अब प्रखंड के 64 गांवों में 1108 महिला समूहों का संचालन हो रहा है। मौके पर कई महिलाएं मौजूद थीं।

## आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

एजेंसी : रांची



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से बीयर बरामद किया है। उपनिरीक्षक सुरज पांडे ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ की ओर से स्टेशनों पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। उसकी बैग से कुल 24 किंगफिशर बीयर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अशिष रंजन बताया। वह बिहार के पटना का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 बिहार जा रहा था इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को जब्त बीयर और गिरफ्तार व्यक्ति को सौंप दिया गया।

## गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त

एजेंसी : रांची



**पलामू।** ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन डालटनगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में शनिवार को किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शपथ दिलाई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ओर से समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। उपायुक्त ने महिला उत्थान के लिए जिले में चलायी जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने महिलाओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने अपने सपनों को पंख दे रही हैं। मुख्यमंत्री की ओर से शराब बिक्री के कार्य में जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक वैकल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत वैसी महिलाओं को 50 हजार रूपये तक एक साथ ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। पलामू में 602 महिलाएं इसका लाभ ले रही हैं।

## एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या, तीन संदिग्ध हिरासत में

एजेंसी : रांची

**हजारीबाग।** एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत गौरव कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।घटना की जानकारी मिलते ही डीजीएम के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर रहते हैं। इससे पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या लेवी के लिए अपराधियों ने कर दी थी। इस घटना की वजह भी लेवी से ही जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि कुमार गौरव पर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी। वहीं कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया।यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है।उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया। जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था।

## बोकारो का कुंभ है बसंत मेला : निदेशक प्रभारी

- पुस्तकालय मैदान में चिर-परिचित उत्साह के साथ दोदिवसीय महोत्सव शुरू

संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र की मेजबानी में हरसाल आयोजित होनेवाला इस्पातनगरी का अपना महोत्सव बसंत मेला शनिवार को अपने चिर-परिचित अंदाज में पूरे उत्साह के साथ शुरू हुआ। नगर के सेक्टर-5 स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित इस मेले का शुभारंभ बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अपने शीर्ष सहकर्मियों के साथ संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर, ध्वजा फहराकर तथा फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बारी-बारी से सभी स्टॉलों का अवलोकन किया तथा शहरवासियों को इस आयोजन की बधाई देते हुए इस अवसर का आनंद उठाने की अपील की।

अपने संबोधन में डीआई श्री तिवारी ने कहा कि बसंत मेला बोकारो इस्पात नगर का कुंभ है। उन्होंने मेले को बोकारो की कला और संस्कृति का ध्वजवाहक बताते हुए खुशी जताई तथा और आयोजन समिति के लोगों को मेले के सफल आयोजन के लिए साधुवाद दिया। मेले में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारी से लोगों को अवगत कराने के लिए कई स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें प्लांट के प्रमुख शॉप्स, बोकारो जेनरल अस्पताल, उद्यान, क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं, अग्निशमन सेवाएं, सीएसआर, जन संपर्क जैसे विभागों की ओर से भी स्टॉल शामिल हैं।

**विविध कार्यक्रमों से दिखाई सभ्यता-संस्कृति की झलक**- मेले में पूरे देश की सभ्यता और संस्कृति की झलक को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने गीत-संगीत व नृत्य के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहरवासियों का खूब मनोरंजन किया। गीत-संगीत के अलावा रॉक बैंड का भी आयोजन खास बना रहा। महिला समिति बोकारो की ओर से विविध वस्तुओं की प्रदर्शनी के साथ कमर्शियल स्टाल तथा फूड स्टाल भी लगाया गया है। बोकारो इस्पात संयंत्र की अन्य इकाइयों द्वारा प्रस्तुत प्लांट संचालन के प्रारूप सहित खिलौने, खाद्य पदार्थों, इलेक्ट्रॉनिक सामानों के स्टॉल आदि भी शहरवासियों को लुभा रहे हैं।

## सेल ने अपनी पहली ग्रीन बिल्डिंग का किया अनावरण

एजेंसी : रांची



सेल के आंतरिक सलाहकार, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने, भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की ओर से प्रमाणित सेल की पहली ग्रीन बिल्डिंग का अनावरण अमरेंदु प्रकाश ने शनिवार को सेटेलाइट कॉलोनी में किया। इसमें सेल बोर्ड के निदेशकों वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (मार्केटिंग), ऐके तुलसियानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), बीके तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो), एमआर गुप्ता निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चा माल) समेत की उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम की मेजबानी सीईटी के ईडी श्रवण कुमार वर्मा ने की**-सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में स्थित 30 वर्ष पुराने इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल (आईच) को कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है, जो पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए सेल के समर्पण को दर्शाता है। बिल्डिंग की नई डिजाइन और विशेषताएं उच्चतम ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करती है। मौके पर सेल के अनूप कुमार, ईडी (सुरक्षा), वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल) और संदीप कर, ईडी (आरडीसीआईएस) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

## एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड पर बाबूलाल मरांडी का हमला, कहा - हेमंत सरकार ने अपराधियों के हौसले बढ़ाए

एजेंसी : रांची



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम की गोली मारकर हत्या की घटना को स्तब्ध करने वाला बताया। शनिवार को अपने बयान में मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भड़काऊ बयानों के चलते कोयला कारोबार प्रभावित हो रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सात मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ।मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपराधियों को उकसाकर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोयले के काले कारोबार में न जाने कितने निर्दोष लोगों की जान जाएगी।उन्होंने दावा किया कि झारखंड के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा में प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रही है। इस अवैध कारोबार से वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंटता है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो हत्याएं और अपराध इसी तरह जारी रहेंगे।मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोयला चोरी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई के लिए एसआईटी बनाना अच्छी पहल है, लेकिन इसे ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया जाना चाहिए। जब तक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तब तक कोयला चोरी और उससे जुड़े अपराधों पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा। उन्होंने राज्य के डीजीपी से भी आग्रह किया कि कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं







एजेंसी : रांची

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुभकामनाएं दी हैं।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नारी शक्ति सिर्फ सृजन नहीं, बल्कि अटूट संकल्प, प्रेम और प्रेरणा की मूर्ति है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे।" मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। अबुआ सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के जरिए राज्य की मां, बहन, बेटियों को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमारा संकल्प केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।"भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "नारी तू नारायणी। महिलाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन प्रमुख नेताओं ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

# पतंजलि योग समिति ने किया मातृ-शक्ति वंदन कार्यक्रम

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति एलोरा के द्वारा मातृ शक्ति वंदन सह-होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में मंत्रोच्चारण, गीत- संगीत एवं श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन कर



भाग्यशाली विजेता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चास प्रखंड की प्रभारी जया सिंह, संध्या, सुनीता, वीणा, शोभा सिंह, रंजू, मीनाक्षी, निशा, मोना, कल्पना, सुधा, बिंदु, सरिता, बबली, गीता, बोनी आदि मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

# बोकारो की झोपड़पट्टी में भी मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** जन कल्याण समिति संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेक्टर 12 झोपड़पट्टी में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता ममता सिंह ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शोषण व जुल्म के खिलाफ जागरूक होने की जरूरत है। सचिव परशुराम राम ने महिलाओं को जागरूक व शिक्षित होने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने की अपील की। कार्यक्रम में गुड़िया देवी, बबीता कुमारी, पन्ना देवी, शोभी देवी, मालती देवी, उर्मिला देवी, रिंकू देवी आदि उपस्थित रहीं।

## सुर-संग्राम तक पहुंची चंद्रपुरा की स्नेहा



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः चंद्रपुरा :** गायन के क्षेत्र में बोकारो जिला अंतर्गत विद्युत नगरी चंद्रपुरा की स्नेहा सिंह की एक अलग पहचान है। वह गायन के साथ-साथ संगीत में स्नातक की पढाई गया (बिहार) कॉलेज से कर रही हैं। मायानगरी मुम्बई (महाराष्ट्र) में आयोजित सुर संग्राम के सेमीफाइनल राउंड तक चंद्रपुरा की स्नेहा की खूब वाहवाही हुई थी। सामान्य परिवार की स्नेहा अपनी प्रतिभा की बदौलत कई मंचों पर पुरस्कृत व सम्मानित हो चुकी है। स्नेहा का कहना है वह संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है।

# बसंत मेले में आकर्षण का केंद्र बना मिथिला महिला समिति का स्टॉल



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सौजन्य से नगर के सेक्टर-5 स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित दो-दिवसीय बसंत मेले में हर साल की भांति इस बार भी मिथिला महिला समिति का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बना है। बोकारो में मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की महिला इकाई मिथिला महिला समिति की पदाधिकारियों व सदस्याओं ने सामूहिक सहयोग से यह स्टॉल लगाया है।

शनिवार को मेला के उद्घाटन के बाद से ही समिति के स्टॉल पर आगंतुकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। स्टॉल में मिथिला पेटिंग सहित हस्तनिर्मित अन्य कलाकृतियां, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, घरेलू उपयोग के पारंपरिक खाद्य पदार्थ आदि की सहज उपलब्धता इस स्टॉल को खास बना रही है।

समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा के नेतृत्व में लगाए गए इस स्टॉल का जायजा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के शीर्ष पदाधिकारियों ने लिया तथा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए समिति की सभी महिलाओं को इसके लिए बधाई दी। मौके पर परिषद के अध्यक्ष जेपी चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, निदेशक मंडल सदस्य केसी झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक विवेकानंद झा, संयुक्त सचिव अविनाश झा अवि एवं सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

# तेनुघाट के मुकेश, विनीत व ऋषभ को शांति निकेतन में संगीत निर्देशन के लिए सम्मान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : रविंद्रनाथ टैगोर की कर्मभूमि शांति निकेतन में ऑल इंडिया थियेटर काउंसिल (ए.आई.टी.सी.) के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन हुआ। इस अवसर पर एम.बी.आर. म्यूजिकल ग्रुप के संगीत निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा, की-बोर्ड प्लेयर ऋषभ देव सिन्हा और ऑक्टा पैड प्लेयर विनीत कुमार को ए.आई.टी.सी. के जनगीत के संगीत निर्देशन के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

अधिवेशन के दौरान पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता द्वारा निर्मित सृजनी शिल्पग्राम के मंच पर 17 राज्यों के रंगकर्मियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और




विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुंदन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहरा, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद और सरसि चंद्रा ने देशभर से आए रंगकर्मियों के साथ मिलकर ए.आई.टी.सी. का ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक सुरेंद्र सागर द्वारा रचित और एम.बी.आर. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतबद्ध किए गए जनगीत की प्रस्तुति मुकेश कुमार सिन्हा और ऋषभ देव सिन्हा ने दी।

कार्यक्रम में 300 से अधिक रंगकर्मियों ने रंगमंच के विस्तार, तकनीकी चुनौतियों, डिजिटल संसाधनों के उपयोग और वृहद सदस्यता अभियान पर चर्चा की। ऑल इंडिया थियेटर काउंसिल ने सभी राज्यों में थियेटर, नृत्य और संगीत कार्यशालाओं के आयोजन पर भी सहमति व्यक्त की, ताकि



नाट्यशास्त्रों में वर्णित प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित किया जा सके।

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के भूपेंद्र नाथ वर्मा ने सरकार द्वारा कलाकारों को रेलवे किराए में मिलने वाली 70% रियायत बंद किए जाने पर चिंता जताई और इस फैसले को बदलने के लिए ए.आई.टी.सी. के नेतृत्व में अभियान चलाने का आह्वान किया।

अधिवेशन के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई, जिसमें 15 मार्च से राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन एकल नाट्य प्रतियोगिता, नाटक लेखन प्रतियोगिता और शास्त्रीय व अर्धशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी।

अधिवेशन के पहले दिन श्रुति चंद्रा के शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई, जबकि जमशेदपुर की संस्था 'पथ' द्वारा मो. निजाम निर्देशित नाटक "पंछी" का मंचन किया गया। दूसरे दिन ऋषभ देव सिन्हा की ग़ज़ल प्रस्तुति के अलावा ओडिशा की बबीता शवाईन टीम के शास्त्रीय नृत्य, पद्मा सरकार टीम के नाटक और कोलकाता की निफा टीम द्वारा निर्देशित "कंगाल डोम" नाटक की शानदार प्रस्तुति हुई।

इस मौके पर विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ रंगकर्मियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन के आयोजन की जिम्मेदारी निफा के निदेशक अनिमेष देव रॉय को सौंपी गई थी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुंदन ने निफा टीम और देशभर से आए कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

## महिला होगी सशक्त, तभी हमारा देश होगा समृद्ध : एसडीओ

» कसमार प्रखंड सभागार में महिला दिवस समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को सहयोगिनी संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, कसमार सीओ प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी भजन लाल महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि महिला सशक्त होंगी, तभी हमारा देश भी सशक्त एवं समृद्ध होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरी दो बेटियां हैं और इससे मुझे दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति होने का एहसास होता है।




समाज में शिक्षित महिलाओं को आगे आना चाहिए और आईपीएस, आईएएस, एसडीओ, सीओ जैसी उच्च प्रशासनिक भूमिकाओं में अपनी जगह बनानी होगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि हर महिला अनमोल है और उसे अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए। समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने महिलाओं को साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि महिलाएं लहरों की तरह होती हैं, यदि वे अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचान लें, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, नाटक, भाषण आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव कल्याणी सागर, मुखिया परिपूषा कुमारी, गीता देवी, चंद्ररेखा मसीह, दिलीप महतो, विनीता देवी, मंजू देवी, नीतू कुमारी, अनिल हेंब्रम, सूरजमनी देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, प्रकाश कुमार महतो, गौतम सागर, सनी कुमार, रवि कुमार राय, अमरजीत कुमार, कुमारी किरण, मंजू देवी, संगीता देवी व अन्य लोग उपस्थित थी।

# चीतामी गाँव में अग्नि पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता कुमार अमित

» ज़िला प्रशासन से किया मुआवज़े की मांग

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : चास प्रखंड के चाकुलिया पंचायत अंतर्गत चीतामी गाँव में शुक्रवार की शाम एक घर में आग लग गई, जिसमें चितामी निवासी बिन्दु महतो का खपरैल घर, सामान, राशन, कागजात, नगद व अन्य सामान जल कर राख हो गया। भाजपा नेता कुमार अमित और चास अनुमण्डलाधिकारी की पहल से मौके पर अग्निशमन की टीम घटना स्थल पर पहुँच कर आग पर काबू पायी, तब तक सारा समान जल चुका था। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित में चितामी का दौरा करके पीड़ित परिवार से मिले एवं परिवार को हुए नुकसान का जायजा लिया। अब तक इस परिवार को जिला प्रशासन से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर कुमार अमित ने नराजगी



जतायी एवं प्रशासनिक अधिकारियों से फ़ोन पर बात कर आपदा राहत कोष से उचित मुआवजे की माँग की। इस परिवार को अब तक किसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिला है। मजबूरन परिवार कच्चा खपरैल घर में रहने को मजबूर है। इस परिवार तक अब तक बिजली भी नहीं पहुँच पायी है। यह परिवार अब भी ढिबरी की रोशनी में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। कुमार अमित ने प्रशासनिक अधिकारियों से इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, बिजली कनेक्शन, शौचालय आदि का लाभ भी दिलाने की माँग की है। भाजपा नेता ने सामाजिक स्तर से तत्काल राहत हेतु कुछ आर्थिक सहयोग भी किया। इस अवसर पर भाजपा पिण्ड्राजोरा मंडल महामंत्री रतन महतो, विनय महतो, लालबाबू, करण गोराई, चन्द्रप्रकाश, शान्तिराम महतो व अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला सशक्तिकरण के बिना समृद्ध समाज की कल्पना बेमानी : श्वेता सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चास के गोल्डन हट में आयोजित इस कार्यक्रम में 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान का सम्मान करने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की संयोजक डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण की हितेषी है। डिंपल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने एवं समाज में उनकी भागीदारी को और मजबूत करने की जरूरत है।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो की विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रेरणा का दिवस है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं को बराबरी एवं अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हमें लगातार प्रयास करने हैं। उन्होंने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध एवं न्याय संगत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। श्रीमती सिंह ने सम्मानित



महिलाओं की समाज में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की अन्य के लिए आदर्श बनेंगी।

रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार और घरेलू कार्य जैसे विभिन्न क्षेत्र की 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुकेश ने कहा कि अपनी मेहनत और लगनशीलता से इन महिलाओं ने समाज को प्रेरित किया है। इसके पूर्व बोकारो की पहली महिला विधायक श्वेता सिंह को विनय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, नरेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, धनेश बंका, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, कुमार अमरदीप, रितु अग्रवाल, माधुरी सिंह, संजय रस्तोगी, शैल रस्तोगी, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, पूनम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, किरण कुमार, कविता बंका, प्रिया केजरीवाल, मंजीत सिंह, आरती पारख, अंजना झांझरिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली महिलाओं में चिकित्सक डॉ अनु कुमारी व डॉ अनुपमा वर्मा, शिक्षिका लीना मिश्रा व मंजू कुमारी, गैर शिक्षण कर्मचारी ललिता देवी व हेमंती देवी, उपचारिक सिस्टर मधु कुमारी व सिस्टर रूबी कुमारी, घरेलू कार्य करने वाली सुमन कुमारी व साधना कुमारी, होम्योपैथी चिकित्सालय सहायिका सरिता कुमारी, महिला व्यवसायी डिम्पल कौर, रेखा चांडक, स्वीटी कोठारी, सिद्धि बेगवानी तथा प्रिया केजरीवाल के नाम शामिल हैं।

## ओरमो एवं टांगटोना में महिला दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के ओरमो स्थित देव इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेस एंड फार्मेसी कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर इंस्टिट्यूट की छात्राओं ने केक काटकर महिला दिवस की



खुशियां बांटी। इस दौरान छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं की अलग अलग रूप व सामाजिक भूमिका को प्रदर्शित कर महिलाओं को हर मामले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल कुमारी हितुमी ने भी सभी छात्राओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए बताया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सामाजिक विकास में लगातार सक्रिय रहने की जरूरत है। मौके पर मनोज करमाली, संतोष करमाली, विजय करमाली, भागीरथ करमाली, मंतोष करमाली, अकलू करमाली व अन्य लोग मौजूद थे। इधर श्रमजीवी महिला संगठन की ओर से टांगटोना पंचायत भवन ने महिला दिवस मनाया गया। जिसमें 150 से अधिक महिलाओं ने एकजुट होकर महिलाओं के हक अधिकार की आवाज बुलंद की। मौके पर सरस्वती सिंह, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा प्रदान की सुनीता देवी व अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** प्रगति सेवा आश्रम के तत्वावधान में रेडक्रॉस ब्लड बैंक एवं बोकारो रक्तवीर परिवार के सहयोग से महिला दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। क्षेत्र की विधायक श्वेता सिंह भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनीं और रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।

रक्तदान शिविर में महिलाओं युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।

प्रगति सेवा आश्रम की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




रेडक्रॉस ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बोकारो रक्तवीर परिवार के अध्यक्ष संजय शर्मा ने अपना 52वां रक्तदान किया।

इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्रगति सेवा आश्रम को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद दिया और समाज के प्रत्येक नागरिक से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। मौके पर इंस्पेक्टर संगीता कुमारी, प्रगति शंकर, सोनी कुमारी, रुबी, सुष्मिता, अनुपमा, अनिता, सुधा मिश्रा, मीनल दीप, आनंद, अंकित, डॉ.शैलेश, अमन गर्ग, विनय, राजा आदि लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर में 30 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। प्रगति सेवा आश्रम के सदस्यों ने विधायक को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं।

## महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं : बी के तिवारी

» बोकारो स्टील में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन - ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संयंत्र की महिला कर्मियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस)



विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीष सेनगुप्ता, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, महिला समिति की उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा बोकारो स्टील की महिला कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सलेंस) श्रीमती अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत किया। बीएसएल की महिला कर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बी के तिवारी ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मुख्य अतिथि ने बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति में महिला कर्मियों के योगदान की भी सराहना की और कहा कि महिलाओं में असीम क्षमता है और कार्य के प्रति उनके समर्पण की बदौलत बीएसएल प्रगति एवं उत्कृष्टता के नित नए मानदंड स्थापित कर रहा है। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने भी सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान बीएसएल की कुल 27 महिला कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में टॉक शो, सुडोकू, गोलमाल है तथा खेलकूद एवं उड़ान जैसी प्रतियोगिता में विजयी महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीर्घकालीन सेवा के लिए सामग्री प्रबंधन अनुभाग में कार्यरत महिला कर्मी सुश्री गीता देवी तथा नव नियुक्त महिला कर्मी सुश्री ईशा कुमारी, ए सी टी को भी सम्मानित किया गया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण बीएसएल की महिला कर्मियों, महिला समिति के सदस्यों, शिशु सदन किलकारी के बच्चों द्वारा फैशन शो, बीजीएच एवं अन्य विभागों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही। इसके अंतर्गत महिला प्रशिक्षुओं, महिला समिति की टीम, बीजीएच की महिला चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य महिला कर्मियों द्वारा समूह नृत्य, डांस-ड्रामा इत्यादि की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन जन सम्पर्क विभाग के रवि सिन्हा ने किया तथा पुरस्कारों की उद्घोषणा सहायक महाप्रबंधक (एच आर) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया। अंत में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

संक्षिप्त समाचार

## श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा...

### सच्चे प्रेम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव : गोविंदजी शास्त्री



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : 'धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है और परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। जो व्यक्ति धर्म में लगे रहते हैं, उनके धर्म की रक्षा के लिए भगवान का अवतार होता है। भगवान को सभी प्रिय हैं, परंतु जो भगवान से प्रेम करते हैं, भगवान उनसे विशेष रूप से प्रेम करते हैं।' ये बातें वृंदावन से पहुंचे श्रीमद्भागवत कथा प्रवाचक श्री गोविंद कृष्णजी शास्त्री ने कहीं। मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से सेक्टर- 2 डी स्थित श्यामा माई मन्दिर में आयोजित होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा रस वृष्टि के पांचवे दिन शनिवार को उपस्थित श्रद्धालुओं को वह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गीत-संगीत और भजन कीर्तन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तिरस की सरिता में गोते लगाते रहे। 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा...', 'राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे...' आदि भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे।

शास्त्री जी ने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कंस ने भगवान को मारने के लिए पूतना को भेजा। भगवान इतने दयालु व इतने सरल हैं कि मारने आई पूतना का भी भगवान ने उद्धार कर दिया। पूतना राक्षसी ने बालक कृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है, उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान ने सारे समाज को सिखाया कि हमें गाय का पूजन करना चाहिए।

पूतना वध के बाद भगवान ने माखन चोरी आदि लीलाएं ब्रज में कीं। भगवान द्वारा इंद्र के अहंकार को मिटाने के लिए कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्द्धन पहाड़ उठाने के प्रसंग को भी सुनाया। इस अवसर पर महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र, श्यामानंद मिश्र, इंदु मिश्र सहित मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा एवं महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## केबी कॉलेज में महिला दिवस मनाया गया



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : जिले के बेरमो स्थित केबी कॉलेज में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, जीवनदायिनी हैं। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि तिथि 9 मार्च से बढ़ाकर 16 मार्च 2025 तक कर दी गई है। 18 से 25 वर्ष के युवा अब 16 मार्च तक रजिस्ट्रेशन एवं एक मिनट का वीडियो, विकसित भारत का अर्थ क्या है, अपलोड कर सकते हैं। यहां डॉ. मधुरा केरकेट्टा, डॉ. नीला पूर्णिमा तिर्की, आबिद, डॉ. प्रभाकर कुमार, रवींद्र कुमार दास ने संबोधित किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें नृत्य, डांस, भाषण, पोस्टर, स्लोगन, कविता पाठ आदि रहे।

## महिला दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य-जांच शिविर लगाया



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः गोमिया (बोकारो)** : गोमिया प्रखंड अंतर्गत भीष्म मेमोरियल नर्सिंग होम में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य-जांच शिविर लगाया गया। इसमें लगभग दो दर्जन मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर डॉ. धीरेंद्र करमाली व डा. बसंती ने आवश्यक दवा व परामर्श देकर लाभान्वित किया। अस्पताल के संचालक डॉ. धीरेंद्र करमाली ने गरीब, असहाय व आमजनों को समुचित स्वास्थ्य-सेवा देने की दिशा में अपनी कटिबद्धता व्यक्त की। कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत समय-समय पर ऐसे शिविर लगाए जाते हैं। मौके पर अस्पतालकर्मी विनय कुमार, मुस्कान कुमारी, सखी मरांडी, अफरोज, सुधीर, राकेश, सुनीता सहित अन्य सभी चिकित्साकर्मी मौजूद रहे।

# देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार : डॉ. गंगवार

### वुमन डे पर डीपीएस बोकारो में शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : नारी समाज और राष्ट्र की अहम धुरी हैं। हमारे देश में नारियों को देवी का दर्जा दिया गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता भी वास करते हैं। देश के स्वाधीनता संग्राम से लेकर आज विकसित भारत निर्माण की यात्रा तक में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और वस्तुतः देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार हैं। ये बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने कहीं। शनिवार को विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अन्य महिला कर्मियों को प्राचार्य की ओर से महिला दिवस का आकर्षक शुभकामना-पत्र और गुलाब भेंट कर उनके प्रति अभिवादन व्यक्त किया गया। शिक्षिकाएं यह विशेष सम्मान पाकर काफी प्रसन्नचित्त दिखीं और औचक रूप से इस दिवस को खास बनाने के लिए उन्होंने भी प्राचार्य के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की। सभी ने प्राचार्य के साथ मिलकर केक भी काटे।

विद्यालय के विकास में महिला शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आज डीपीएस बोकारो को जो ख्याति राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर मिली है, उसमें विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारी शिक्षिकाएं विद्यालय का अभिन्न अंग हैं। वे हमारे विद्यार्थियों को करुणा, सहानुभूति, अपनापन और मातृत्व भाव से युक्त एक विशेष लगाव के साथ न केवल पढ़ाती हैं, बल्कि उनके समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष की थीम एक्सीलेरेट एक्शन यानी कार्रवाई में तेजी का उल्लेख करते हुए डॉ. गंगवार ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर कार्य की गति को तेज करने की जरूरत बताई। मौके पर विद्यालय के उपप्राचार्य अंजनी भूषण, उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा, प्रधानाध्यापिका डॉ. सरिता गंगवार, प्रीति सिन्हा, अनिंदिता भद्रा, सुनीता भारद्वाज व ममता त्रिपाठी, सुपरवाइजर निमिषा रानी व फरजाना गजाला नीलू सहित अन्य महिला शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## हजारीबाग में NTPC के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**हजारीबागः** एनटीपीसी (NTPC) के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की शनिवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्हें पीठ पर गोली लगी थी। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत आरोग्य हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना हजारीबाग के बड़कागांव रोड स्थित फतहा के पास हुई।

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुमार गौरव NTPC केरेडारी में कार्यरत थे और शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने कार्यालय जा रहे थे, तभी घात लगाए अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया।

इस वारदात के बाद NTPC और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। NTPC के अन्य अधिकारी और कर्मचारी इस घटना से डरे-सहमे हुए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

## महिलाओं का आदर सम्मान होना ही चाहिए: डॉ दीपक प्रसाद

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**गुमला,।** झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान, रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी के तत्वावधान में कार्तिक उरांव महाविद्यालय, शिक्षा संकाय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व, इसके उद्देश्यों और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान के महासचिव, प्रख्यात साहित्यकार, रंगकर्मी एवं प्राध्यापक डॉ. दीपक प्रसाद ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों से सभी प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके प्रति आदरभाव रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को बताया गया कि महिलाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवाद सत्रों के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों और अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के सभी सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने न केवल महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने की प्रेरणा भी प्रदान की।

## BCCL पर 1800 से अधिक वाहनों के कागजात फेल, परिवहन विभाग ने भेजा नोटिस




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**धनबादः** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) पर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगा है। जिला परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए BCCL को नोटिस जारी किया है, जिसमें 1800 से अधिक गुड्स व्हीकल और 85 से अधिक सवारी वाहनों के कागजात फेल पाए गए हैं। इन वाहनों के संचालन में कई तरह की अनियमितताएँ भी सामने आई हैं।

परिवहन विभाग की जांच में पता चला कि BCCL के तहत लगभग 1900 वाहन संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से कई वाहनों का न तो नवीनीकरण (रिन्यूवल) हुआ है और न ही कर (टैक्स) का भुगतान किया गया है। इससे सरकार को भारी राजस्व हानि हुई है।

जिला परिवहन पदाधिकारी (DTO) दिवाकर सीपी द्विवेदी ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल पर किए गए विश्लेषण के दौरान यह जानकारी सामने आई कि बड़ी संख्या में वाहनों के टैक्स, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस प्रमाणपत्र अपडेट नहीं हैं। अब तक 1800 से अधिक वाहनों की अनियमितता की पुष्टि हुई है, जिसके लिए BCCL को नोटिस जारी किया गया है। कंपनी से यह पूछा गया है कि इतने बड़े पैमाने पर परिवहन से जुड़ी प्रक्रियाओं का पालन क्यों नहीं किया गया।

डीटीओ ने अन्य कंपनियों को भी चेतावनी दी है कि वे अपने अधीन चलने वाले वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जल्द से जल्द अपडेट कर लें, अन्यथा उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन कंपनियों ने अभी तक अपनी परिवहन प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उन्हें भी नोटिस भेजा जाएगा।

## रांची में होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, सीएम हेमंत सोरेन ने बढ़ाया उत्साह

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांचीः** होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल और परेड के माध्यम से बेहतरीन हुनर का प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग हैं, जो शहरों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक निरंतर सेवाएं देते हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

**खेलकूद का जीवन में अहम योगदान-** सीएम सोरेन ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी है। उन्होंने बताया कि व्यस्त जीवनशैली में लोग तनाव से घिरे रहते हैं, लेकिन ऐसे कार्यक्रम उन्हें तनावमुक्त करने और खेल का आनंद लेने का मौका देते हैं। खेल, गीत और संगीत हर उम्र के व्यक्ति के लिए जरूरी हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की जरूरत पर बल दिया।

## चंद रुपए देकर सरकार कर रही महिलाओं का अपमान : सुदेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांचीः** महिलाओं को सम्मान, अधिकार और अवसर मिलना समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने यह बातें शनिवार को कही। सुदेश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ़ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

मौके पर सुदेश ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ चंद रुपये बांटकर उन्हें भरण-पोषण तक सीमित रखना चाहती है, जो महिला विकास का अपमान है। महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देना है। आजसू पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और उनके नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्ण समागम ने वृद्ध सेवा आश्रम की महिलाओं को किया सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्ण समागम, बोकारो के सदस्यों की ओर से बाबा बैजनाथ जन सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्ध सेवा आश्रम में आश्रित वृद्धाओं (वृद्ध महिलाओं) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी वृद्ध महिलाओं एवं वहां कार्यरत सेविकाओं को फल एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, कर्ण समागम द्वारा आश्रम की आवश्यकता के अनुसार एक मिक्सी ग्राइंडर भी भेंट किया गया। इस अवसर पर कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, उपाध्यक्ष एस एन दास, महासचिव मिहिर कुमार कंठ ने सभी सम्मानित महिलाओं से बातचीत कर उनके इस आश्रम में आने एवं रहने के औचित्य पर जानकारी प्राप्त की। यह सभी महिलाएं किसी न किसी रूप में अपने परिवारजनों का सहारा छिन जाने/नहीं मिलने के कारण इस आश्रम में रह रही हैं। महिलाओं ने बताया कि इस आश्रम में उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है और वे सभी बहुत ही आनंद के साथ अपना जीवन बिता रही हैं। महिला दिवस के कार्यक्रम में वृद्ध माताओं के साथ समय बिताने एवं सम्मानित करने से उन सभी माताओं की खुशी को देखकर उपस्थित कर्ण समागम के सभी सदस्य भाव विह्वल हो गए और आत्मिक प्रसन्नता का अनुभव किया। आश्रम में कुल 13 वृद्धजन हैं, जिसमें 11 महिलाएं एवं दो पुरुष वृद्ध हैं। कार्यक्रम में बाबा बैजनाथ जन सेवा समिति के सचिव अंजनी कुमार रूपक, आश्रम के मैनेजर रंजीत कुमार दास, सेविका दीपाली देवी एवं रेखा देवी के साथ कर्ण समागम संस्था के अनिल कुमार कर्ण, एस एन दास, मिहिर कुमार कर्ण, अरविंद कुमार, परिणव कुमार, बी एल डी रमन, दयाकांत दास मिथिलेश, निहार चंद्र कंठ एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## होली को लेकर बोकारो थर्मल थाना में शांति समिति की बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल** : होली को लेकर बोकारो थर्मल थाना प्रांगण में शनिवार को स्थानीय गणमान्य, प्रबुद्ध लोगों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर सह थानेदार शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लाष एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा कि होली के दिन अवैध रूप से शराब की बिक्री सहित अन्य दुकानों में भी बिकने वाली शराब की बिक्री पूरी तरह से बंद रहेगी तथा शराबबंदी को लागू करने को लेकर पूरे थाना क्षेत्र में पदाधिकारियों के द्वारा औचक छापेमारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली में स्थानीय लाल चौक, सिक्स यूनिट, अंबेडकर कॉलोनी, लेवर क्वार्टर, कथारा, जारंगडीह सहित अन्य स्थानों पर हुड़दंगियों पर पूरी तरह से नजर रखी जाएगी। साथ ही, डीजे बजाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली की आड़ में निजी दुश्मनी साधने वालों को किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि होली के एक दिन पहले से ही तीन लोड वाले वाहनों की जांच एवं धर पकड़ आरंभ कर दी जाएगी, ताकि हुड़दंगियों पर नकेल कसी जा सके। कहा कि सभी लोगों को इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अभी रमजान का महीना चल रहा है और होली के ही दिन जुम्मे की नमाज भी अता की जानी है। इसलिए दूसरे समुदाय के लोगों की भावना का भी ख्याल रखने की जरूरत है। बैठक में योगेंद्र गिरि, मो शाहजहां, मो मनीरुद्दीन, बाबूलाल गिरि, खिरोधर प्रसाद महतो, मंजूर आलम, मो इम्तियाज अंसारी, महबूब आलम, भुनेश्वर प्रसाद साव, बिरेंद्र प्रसाद साव, अवर निरीक्षक अजीत कुमार, दीपक कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार, भागीरथ महतो, गार्दी बानरा, सअनि बैजून मरांडी, पंकज कुमार भारद्वाज, अरविंद मेहता, राजेंद्र प्रमाणिक आदि उपस्थित थे। बैठक की समाप्ति के बाद इंस्पेक्टर सहित सभी मौजूद लोगों ने एक दूजे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, रविवार, 09 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### 49 दिनों बाद सऊदी अरब से पलामू पहुंचा शादाब हुसैन का शव

**पलामू, एजेंसी।** जिले के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के मुस्लिम नगर के रहने वाले शादाब हुसैन की सऊदी अरब में 17 जनवरी को मौत हो गई थी. करीब 49 दिनों के बाद शादाब हुसैन का शव शुक्रवार को पैतृक घर पर पहुंचा. शादाब हुसैन का शव सऊदी अरब से सबसे पहले लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचा था और फिर बाद में एम्बुलेंस के माध्यम से शव को घर पर लाया गया है.



दरअसल, शादाब हुसैन सऊदी अरब में नौकरी करने 23 जुलाई 2024 को गए थे. 17 जनवरी को शादाब कंपनी में नौकरी कर वापस लौटे थे. जहां सुबह उनका शव बरामद हुआ था. उस दौरान शादाब के दोस्त एवं करीबियों के तरफ से मौत की जानकारी परिजनों को दी गई थी. शादाब हुसैन के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं.

अंजुमन इस्लामिया के सदर गुड्डू खान ने बताया कि राज्य सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने शादाब हुसैन का शव लाने की पहल की थी. जिसके बाद शादाब का शव झारखंड पहुंचा है. इधर, शादाब के शव पहुंचने के साथ पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई. शव पहुंचने के साथ बड़ी संख्या में परिवार एवं आसपास के लोग घर पर पहुंचे थे. बता दें कि शादाब हुसैन का शव लाने के लिए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भी झारखंड सरकार के श्रम विभाग से बातचीत की थी. साथ ही शव को वापस भारत लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने को कहा था.

### गढ़वा में फायरिंग: बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**गढ़वा, एजेंसी।** जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के टहले घाटी के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने एक युवक को गोली मारी है. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए. गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल शख्स की पहचान चिनिया थाना क्षेत्र के सीगसिंगा गांव निवासी शेठ साव का पुत्र योगेन्द्र प्रसाद ( 35 वर्ष ) के रूप में की गई है. वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई. लोगों ने घायल युवक को उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां प्राथमिक उपचार कर युवक को रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है.

**युवक के गले में फंसी है गोली-** सदर अस्पताल के चिकित्सक अमित कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड से युवक को गोली लगी है. चिकित्सक के अनुसार गोली युवक की पीठ में लगते हुए गले के इर्द-गिर्द जा फंसी है. प्राथमिक उपचार कर युवक को रांची के रेफर कर दिया गया है.

### पटना दीघा घाट से चोरी हुई मोटरसाइकिल पहुंची पलामू, एक गिरफ्तार, चार बाइक बरामद

**पलामू, एजेंसी।** छठ पूजा के दौरान पटना के दीघा घाट से चोरी हुई मोटरसाइकिल पलामू से बरामद हुई है. हालांकि मोटरसाइकिल झारखंड में रजिस्टर्ड है, लेकिन छठ के दौरान यह मोटरसाइकिल पटना के दीघा घाट से चोरी हुई थी. पलामू पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने चोरी की चार बाइक बरामद की है. पलामू की सदर थाना की पुलिस नियमित वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी. इसी क्रम में पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रोका और कागजात की मांग की. कागजात के मिलने के बाद पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है. इसके बाद पुलिस ने मौके से सोनू कुमार नामक युवक को हिरासत में लिया था. सोनू कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन और मोटरसाइकिल बरामद की है. इस संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि आरोपी सोनू कुमार के एक रिश्तेदार के घर से चोरी की सभी मोटरसाइकिल बरामद हुई है. बरामद चार मोटरसाइकिल में एक पटना के दीघा घाट में छठ के दौरान चोरी हुई थी.

# पीएलएफआई नक्सली महावीर गोप गिरफ्तार, जमीन और बालू माफियाओं की लेवी से कर रहा था संगठन विस्तार

**खूंटी, एजेंसी।** पीएलएफआई संगठन को जड़ से खत्म करने की दिशा में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में पीएलएफआई का कुख्यात और मोस्ट वांटेड नक्सली महावीर गोप को रांची से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.



खूंटी एसपी अमन कुमार ने महावीर गोप के गिरफ्तारी की पुष्टि की है. एसपी ने बताया कि कर्रा, जरियगड़, कामडारा और लापुंग थाना क्षेत्र में महावीर गोप ने कई नक्सली वारदातों को अंजाम दिया. महावीर गोप को गिरफ्तार करने के लिए एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी. जिसमे सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, जरियगड़ प्रभारी राजू कुमार शामिल रहे.

गठित टीम लागातार महावीर गोप के ठिकानों में छापेमारी कर चुकी थी. इसी बीच पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली कि महावीर कोलकाता भागा हुआ है और वो शुक्रवार को रांची लौटा है. इस सूचना पर रनिया प्रभारी विकास जायसवाल और जरियगड़ प्रभारी राजू कुमार ने रांची जिला के शहरी इलाके से उसे गिरफ्तार कर खूंटी लाई और प्रारंभिक जांचोपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया. एसपी अमन कुमार ने बताया कि पीएलएफआई का इनामी नक्सली मार्टिन केरकेटा और दुर्गा सिंह के संपर्क में लगातार रहा है. वो लेवी के पैसों को मार्टिन और दुर्गा के सहयोग से क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में जुटा था. एसपी ने बताया कि महावीर गोप ने पुलिस को कई खुलासे किए हैं, जिसका सत्यापन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कई कई सफेदपोश पुलिस के रडार में है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी भी संभव है.

### तोरपा अनुमंडल क्षेत्र में था दहशत

जरियगड़ थाना क्षेत्र के कीनूटोली निवासी महावीर गोप वर्षों से पीएलएफआई संगठन से जुड़ कर तोरपा अनुमंडल क्षेत्र में दहशत कायम किये हुए था. जमीन माफियाओं से सांठगांठ कर क्षेत्र की जमीनों पर जबरन कब्जा कराने का काम करता था. क्षेत्र में विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों एवं अवैध बालू माफियाओं से लेवी वसूली कर संगठन विस्तार में लगा हुआ था. महावीर गोप के खिलाफ खूंटी सहित आसपास के जिलों के थानों में दर्जनों नकलसी कांड पूर्व से दर्ज है. हाल के तीन महीनों के भीतर गुमला जिला के कामडारा, रांची के लापुंग और खूंटी के जरियगड़ और कर्रा थाना में कई नक्सली कांडों को अंजाम दे चुका है. महावीर का भाई और एरिया कमांडर तिलकेश्वर गोप के जेल जाने के बाद से महावीर क्षेत्र में आना वर्चस्व कायम करने में जुटा हुआ था.

## पारसनाथ शिखर को लेकर विवाद गहराया, धनबाद में सोनोत संथाल समाज का प्रदर्शन



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड प्रमुख धार्मिक स्थल में पारसनाथ का नाम शामिल है. पारसनाथ पर्वत को लेकर आदिवासी समाज और जैन समुदाय के बीच एक बार फिर विवाद गहरा गया है. इसे लेकर संथाल आदिवासियों ने क्रमबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है. गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पर्वत को संथाल समाज के लोग मरांगबुरू के नाम से पूजते हैं. इस पर्वत के लिए शुरू किए जा रहे आंदोलन के तहत 12 मार्च को देशभर के आदिवासियों का महाजुटान होने जा रहा है. सोनोत संथाल समाज केंद्रीय समिति ने समाहरणालय के सामने धरना दिया. इसके साथ ही डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग का ज्ञापन सौंपा. समिति के केंद्रीय पदाधिकारी ने बताया कि पारसनाथ पर्वत के स्वामित्व को लेकर 12 मार्च को देशभर के आदिवासी मधुबन में एकजुट होकर प्रतिरोध मार्च निकालेंगे. उन्होंने कहा कि हम आदिवासी, मूलवासी, दलित समाज के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जन संगठन के द्वारा धनबाद समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग कर रहे हैं कि आदिवासी मूलवासी एवं दलित समाज के जायज मांगों पर उचित पहल करते हुए कार्रवाई की जाए. प्रदर्शन कर रहे रमेश टुड्डू का कहना है कि मरांगबुरू यानी पारसनाथ पर्वत संथाल आदिवासियों का सर्वश्रेष्ठ देव स्थल है. वह स्थल इको सेंसेटिव जोन घोषित है, बावजूद वहां कई धर्मशालाएं और मठ बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है. सोनोत संथाल समाज की मांग है कि मरांगबुरू स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया जाए.

## सांसद मनीष जायसवाल के औचक निरीक्षण से शेख भिखारी अस्पताल में मचा हड़कंप

**हजारीबाग, एजेंसी।** बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक को फटकार लगाई और हिदायत देते हुए कहा कि स्थिति को सुधार लीजिए वरना सुधारने के और भी रास्ते हैं. शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सांसद मनीष जायसवाल के औचक निरीक्षण से अस्पताल महकमें में खलबली मच गई.



**सांसद ने अधीक्षक के सामने रखी अस्पताल की अव्यवस्था-** दरअसल, बीजेपी सांसद को कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि अस्पताल में पैसे लेकर कंबल, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की सुविधा दी जाती है. शिकायत में यह भी सामने आया था कि पैसा नहीं होने पर मोबाइल को गिरवी रखवा लिया जाता था. उन्होंने हकीकत को जानने के लिए अस्पताल का औचक निरीक्षण किया.

निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने पाया कि जिस काउंटर से मरीजों का पंजीकरण होता है वहां स्टाफ नहीं था. उन्होंने इमरजेंसी सेवा का भी औचक निरीक्षण किया. वहां की स्थिति से भी वे काफी नाराज नजर आए. उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुकरण पुर्ती के केबिन में पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अव्यवस्थाओं को लेकर जमकर फटकार लगाई.

उन्होंने कहा कि आखिर किस नियम के तहत मरीज के परिजनों से पैसा लिया जा रहा है. सांसद ने अधीक्षक से लिखित में आवेदन देकर मांग की है कि आप किस नियम के तर्ज पर पैसों की मांग कर रहे हैं. उन्होंने अस्पताल प्रबंधक को अल्टीमेटम दिया है कि जल्द से जल्द स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक करें.

**जनता तक ठीक से पहुंचे स्वास्थ्य सुविधाएं: सांसद-** सांसद मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों को चेताया है कि वह मरीजों के साथ अपना व्यवहार ठीक रखें. इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधा आम जनता तक सुनिश्चित हो, इसे लेकर प्रबंधन काम करें नहीं तो दूसरे तरीके से सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा. आपको बतातें चले कि बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने एक महीने में दूसरा निरीक्षण शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि समाज के निचले तबके लोगों को उचित स्वास्थ्य लाभ मिलना चाहिए.

## सारंडा में लौह अयस्क खदान खेतों को रहा बंजर ! रैयतों की शिकायत पर डीसी ने दिए निर्देश



**चाईबासा, एजेंसी।** सारंडा में संचालित लौह अयस्क खदान से होने वाले प्रदूषण से जामकुंडिया गांव के रैयतों की खेती योग्य भूमि बंजर हो रही है. खदान से निकलने वाला लाल पानी उनके खेतों को बंजर कर रहा है. इसको लेकर रैयतों ने पश्चिमी सिंहभूम उपायुक्त से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत की.

इन शिकायतों को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी के अध्यक्षता में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकट्टा, जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सेल के पदाधिकारी व जामकुंडिया गांव के रैयत भी मौजूद रहे. इस बैठक में डीसी द्वारा गुआ सेल लोह अयस्क खान के बहते लाल पानी, मिट्टी, कंकड़ से जामकुंडिया गांव अंतर्गत कृषि योग्य भूमि के बंजर होने के मामले में प्रभावित रैयतों की समस्याओं से अवगत हुए. जिसके बाद उपस्थित सेल के पदाधिकारी से वर्तमान समय में सीएसआर के तहत संचालित कार्यों के बारे में बिंदुवार जानकारी ली गई. साथ ही निर्देश दिया गया कि अब तक संपादित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय में भी उपलब्ध करवाया जाए.

### समन्वय बैठक में ये दिए गए निर्देश

इस बैठक में उपायुक्त के द्वारा जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी को प्रभावित रैयतों एवं सेल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकासात्मक व रोजगारपरक कार्यों के निमित्त बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया गया. सेल के पदाधिकारियों को खदान से निकलने वाले लाल पानी, मिट्टी एवं डस्ट का प्रवाह खेतों, जलस्रोतों में ना हो, इस पर प्रभावी रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया गया.

वहीं जिला कृषि पदाधिकारी को प्रभावित रैयत की जमीन एवं आसपास के खेतों की मिट्टी का जांच करवाते हुए सात दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी को विभाग के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ संबंधित गांव के लोगों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया.

जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को उक्त क्षेत्र की महिलाओं को जीवकोपार्जन, स्वरोजगार समेत लाइवलीहुड के अन्य कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया गया. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को संबंधित गांव में पेयजल हेतु उपलब्ध जल स्रोतों का अवलोकन एवं आवश्यकता अनुसार नए जल स्रोत के निर्माण से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया.

सभी संबंधित पदाधिकारी, सेल के पदाधिकारी एवं रैयतों को आपसी समन्वय स्थापित कर संबंधित ग्राम में जीवन यापन के लिए आधारभूत एवं मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही संबंधित आवश्यकताओं को सीएसआर के माध्यम से पूरा करते हुए ग्रामीणों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया.

## मेराल प्रखंड के एसएफसी गोदाम में करोड़ों का राशन घोटाला ! मामला हुआ दर्ज



**गढ़वा, एजेंसी।** जिला गढ़वा के मेराल प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी के गोदाम से 27 सौ क्विंटल चावल और गेंहू गायब होने का मामला प्रकाश में आया है. इसे लेकर डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सीओ सह प्रभारी एमओ यशवंत नायक ने मेराल के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक दीपक चंचल पर मामला दर्ज करवाया है. इन पर 2765.84 क्विंटल खाद्यान्न (चावल, गेहूं) का गबन करने के आरोप है.

**गायब खाद्यान्न की कीमत करीब करोड़-** खाद्यान्न की सरकारी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है. सीओ द्वारा प्राथमिकी के लिए थाना में दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि 4 मार्च को उपायुक्त द्वारा सूचित किया गया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा 21 फरवरी को मेराल गोदाम की जांच की गई. जांच के क्रम में लगभग 2765.84 क्विंटल कम खाद्यान्न (चावल, गेहूं) गोदाम में पाया गया. उक्त के आलोक में गोदाम प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया. प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य नहीं है. प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि उपरोक्त खाद्यान्न में गबन (कालाबाजारी) की गई है.

**गोदाम प्रबंधक पर मामला दर्ज-** इसके जिम्मेदार दीपक चंचल, जनसेवक सह-प्रभारी, सहायक गोदाम प्रबंधक मेराल के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है. सीओ के आवेदन पर मेराल थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद थाना पुलिस, गबन के इस बड़े केस में एक्टिव हो गई है. थाना प्रभारी विष्णु कांत एवं केस के अनुसंधान कर्ता पुलिस निरीक्षक चेतन कुमार सिंह ने गोदाम पहुंचकर पीओ तथा गवाह का नाम दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

## नेता प्रतिपक्ष के बाद अब सबकी नजर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर, चयन को लेकर पार्टी के अंदर कवायद तेज

**रांची, एजेंसी।** विधायक दल के नेता का चयन हो जाने के बाद प्रदेश भाजपा में अध्यक्ष के चयन को लेकर कवायद तेज हो गई है. माना जा रहा है कि जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न करा लिया जाएगा. पार्टी के अंदर चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत मंडल और जिलों का चुनाव अंतिम चरण में है और इसके पूरा होते ही नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारी की गई है.

**जल्द प्रदेश अध्यक्ष का होगा चुनाव: सीपी सिंह-** इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह रांची के विधायक सीपी सिंह कहते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा यह पार्टी तय करती है. लेकिन इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. मंडल और जिला स्तर पर चुनाव की प्रक्रिया जारी है. इसे पूरा होते ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा. नेता प्रतिपक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी को बनाए जाने पर विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि पार्टी ने सोच-समझकर के ही विधायक दल का नेता उन्हें चुना है. निश्चित रूप से पार्टी को उनके नेतृत्व में मजबूती मिलेगी.

वहीं भाजपा विधायक राज सिन्हा कहते हैं कि नेता प्रतिपक्ष के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष का ही निर्वाचन




होना है और इसे जल्द ही पूरा कर लिए जाने की संभावना है. एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 50त से अधिक जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव होते ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है. इसके लिए तैयारी पूरी की जा रही है. संभावना है कि कुछ दिनों के अंदर ही नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा.

**रघुवर दास के नाम पर भी चर्चा-** वहीं पार्टी के अंदर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में वापसी के बाद यह भी चर्चा की जा रही है कि संगठन को धारदार बनाने के लिए एक बार फिर रघुवर दास को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाए. रघुवर दास पूर्व में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और उसके बाद 2014 में वे राज्य के मुख्यमंत्री भी बने थे.बहरहाल, नेता प्रतिपक्ष का चयन हो जाने के बाद अब सबकी नजर प्रदेश अध्यक्ष के चयन पर है. फिलहाल बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं.

### ओबीसी या फॉरवर्ड कोटे से हो सकता है चयन

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के बनाए जाने के बाद यह साफ हो गया है कि प्रदेश अध्यक्ष या तो ओबीसी या फॉरवर्ड कोटे से पार्टी बनाएगी. इसके लिए कई नाम पर चर्चा शुरू हो गई है. प्रदेश अध्यक्ष बनने वाले नेताओं का ट्रैक रिकॉर्ड खासकर संगठन के अंदर उनकी भूमिका और संघ से जुड़े रिश्ते को खंगाला जा रहा है. संभावना यह व्यक्त की जा रही है कि ओबीसी कोटे में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाए. इसके अलावा सांसद आदित्य साहू, सांसद प्रदीप वर्मा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल जैसे नेताओं का नाम चर्चा में है. इसके अलावे फॉरवर्ड कोटे से यदि विचार किया जाता है तो पार्टी के वर्तमान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय, पूर्व विधायक अनंत ओझा,विधायक राज सिन्हा जैसे नेता प्रदेश अध्यक्ष बन सकते हैं.

## टमाटर की खेती में नुकसान की भरपाई के लिए प्रयास शुरू, हजारीबाग के किसानों ने बनाई खास योजना

**हजारीबाग, एजेंसी।** पूरे झारखंड में हजारीबाग सब्जी की खेती के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार टमाटर की कीमत बेहद कम मिलने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा. अब किसान टमाटर की खेती में हुए नुकसान की भरपाई खीरा से करने की योजना पर काम कर रहे हैं और खीर की खेती में जुट गए हैं.

**2 रुपये किलो में भी नहीं बिक रहे टमाटर-** हजारीबाग की सब्जी देश के अन्य शहरों में भी सपलाई की जाती है. खासकर यहां के टमाटर और खीरे की जबरदस्त मांग है. इस बार टमाटर का बंपर उत्पादन होने के कारण किसानों को सही मूल्य नहीं मिल पाया. इस कारण किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ा. हालत यह है कि व्यापारी 2 रुपये किलो टमाटर भी खरीदने को तैयार नहीं हैं. वहीं बाजार में टमाटर 10 में तीन किलो बिक रहा है.

किसान कहते हैं कि मौसम के कारण ऐसा हुआ है. टमाटर की पैदावार अधिक हो गई. जिसके कारण सही मूल्य नहीं मिल पाया है. आलम यह है कि व्यापारी भी नहीं पहुंच रहे हैं.किसान को टमाटर की खेती में लाखों रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है. कटकमसांडी क्षेत्र में लगभग 4000 एकड़ में टमाटर खेती हुई थी. लेकिन सभी किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा.

**खीरे की खेती से करेंगे नुकसान की भरपाई-** अब किसान उस नुकसान की भरपाई खीरे की खेती से करने की योजना बना रहे हैं. इस बार कटकमसांडी क्षेत्र में भारी मात्रा में खीर की खेती करने की तैयारी है. किसान बताते हैं कि यहां का खीरा दिल्ली, बंगाल और बिहार तक पहुंचता है।

## नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं? प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है। स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं। इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है। संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं। उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (ष्ट्र ह्यह्लङ्घद्वह्य) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए।कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। सबक क्या है? स्पष्टतः यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है। इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है, वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है। लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है।

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर उच्छृंखलता नामंजूर



ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई के दौरान जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वही एक संतुलित एवं आदर्श समाज व्यवस्था का आधार भी है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े इन मामलों में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझने की आवश्यकता है। मंगलवार को 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' शब्दों के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्रशर्मा की पीठ ने इस मुकदमे के आरोपी कोइस आधार पर आरोप-मुक्त कर दिया कि यह भारतीय दंड सहिता की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अपराध के बराबर नहीं है। वैसे, अदालत ने इन शब्दों के प्रयोग को गैर-मुनासिब माना। एक दूसरे रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मामले में अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार-सख्त टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। सर्वोच्च न्यायालय के इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है कि एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ इस्तेमाल इन 'मियां-टियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों से जुड़े मुकदमे को निचली अदालत से सर्वोच्च न्यायालय तक का सफर तय करने में लगभग चार साल लगे, मगर दोनों पक्षों ने किसी पड़ाव पर यह समझदारी दिखाने की कोशिश नहीं की कि यह सिर्फ अहं की लड़ाई है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट एवं न्यायसंगत है। हालांकि यह छिपी बात नहीं है कि पुलिस स्वायत्त तरीके से काम नहीं करती। अनेक कार्रवाइयां उसे सत्ता पक्ष के दबाव में करनी पड़ती हैं। इसलिए विपक्षी दलों एवं समुदाय विशेष के मामले में अगर अभिव्यक्ति की आजादी के कानून को हाशिये पर धकेल दिया या नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो हैरानी की बात नहीं। यह कम बड़ी विडंबना नहीं कि साहित्य और कलाओं में अभिव्यक्त विचारों की व्याख्या भी अदालतों को करनी पड़ रही है। सत्ताएं सदा से अपनी आलोचना से तल्ख हो जाती रही है, ऐसी जटिल स्थितियों में आखिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा कौन करेगा? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी कई मौकों पर वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लम्बी बहसें हो चुकी हैं, आन्दोलन तक हुए, हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना। हर बार अदालतें पुलिस को नसीहत देती हैं, अपने दखल से समझ एवं सीख भी देती है ताकि संतुलित वातावरण बना रहे। मगर शायद उस पर संजीदगी एवं संवेदनशीलता से अमल की जरूरत न तो पुलिस ने समझी और न उग्र एवं विध्वंसक शक्तियों ने। इसी का नतीजा है कि अब भी जब तब ऐसे मामले अदालतों में पहुंच जाते हैं, जिनसे किसी की भावना के आहत होने एवं विभिन्न समुदायों के आपसी सौहार्द-सद्भावना के खण्डित होने के आरोप लगते रहते हैं, जबकि वास्तव में उनमें ऐसा कुछ नहीं होता। बेवजह नफरत, द्वेष एवं घृणा का माहौल बनता रहा है, चाहे वह फिल्मों के दृश्यों-संवादों, किसी राजनेता के बयानों, धर्मगुरुओं के बोलों या साहित्य के किसी अंश को लेकर भावनाएं आहत करने या भड़काने के आरोप किसी ऐतिहासिक-मिथकीय प्रसंग को लेकर की गई टिप्पणी पर लगते रहे हों। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन



अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लानी चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर विभिन्न समुदायों का विचलन, द्वेष एवं नफरत काफी बढ़ी हुई दिख रही है। शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक देखने को मिलती है। हालांकि सोशल मीडिया के ये मंच स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक भूमिका भी निभाते देखे जाते रहे हैं। उन पर कड़ाई से बहुत सारे ऐसे लोगों के अधिकार भी बाधित होने का खतरा है, जो स्वस्थ तरीके से अपने विचार रखते और कई विचारणीय मुद्दों की तरफ ध्यान दिलाते हैं। मगर जिस तरह बड़ी संख्या में वहां उपद्रवी, हिंसक, राष्ट्रीय और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करने वाले तत्त्व सक्रिय हो गए हैं, उससे चिंता होना स्वाभाविक है। इससे जहां नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है, वहीं इसके गलत इस्तेमाल की बेजा स्थितियां भी देखने को मिलती है। शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि इस अधिकार का ख्याल रखा जाए। उन पर अंकुश लगाने एवं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान करना जरूरी है। भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, विदेशी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, न्यायालय की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध के लिए उकसाने के विरुद्ध वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती है। सरकार इनकी रक्षा के लिए भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार के साथ-साथ सेंसरशिप के प्रति अपनी अनिच्छा को दोहराया। लेकिन यह भी कहा कि ऐसा विचार 'घटिया विचारों' और 'गंदी बातों' का लाइसेंस नहीं है। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया में जिस पैमाने पर विष-वमन हो रहा है, उसने पुलिस की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। मगर उसकी कार्रवाइयां इसलिए प्रभावी नहीं होतीं, क्योंकि राज्य-दर-राज्य उनके पीछे के राजनीतिक पक्षपात भी स्पष्ट हो जाते हैं। राज्य पुलिस अक्सर सरकार विरोधी पोस्ट के मामले में तो तत्परता दिखाती है, मगर सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों की वैसी ही गतिविधियां वह नजरअंदाज कर देती है।

## सूडोकु नवताल- 7364

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरे दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरुषों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है। ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले आनुवंशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और आनुवंशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको लाभ मिलेगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा। समाज में आज आपको मान-सम्मान मिलेगा, आपको लोग अच्छे उदाहरण के तौर पर देखेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज आपके विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे, दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, आपके रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके परिवार में नई-नई खुशियां आएंगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे। नए काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे, आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

**कर्क राशि-** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही किसी जरूरी विषय पर बातचीत भी होगी, आपनी बात कहने का मौका मिलेगा, आपके विचारों को महत्व मिलेगा। आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा जो आगे चलकर काम आएगा।

**सिंह राशि-** आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा है।आज आपको कई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा, आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज आप रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप कुछ जरूरतमंद की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको सफलता मिलेगी। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आप किसी योजना की शुरुआत कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि-** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम। आपको उनका प्रिय बना देगा। आज आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे। अगर आप बिजनेस स्टार्ट कर रहे हैं, तो शुभ मुहूर्त में ही शुरू करें। आज आप कुछ क्रिएटिव वर्क कर सकते हैं, लोगों को आपके काम करने का तरीका पसंद आएगा।

**धनु राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। प्राइवेट शिक्षक आज बच्चों को पढ़ाई के नए तरीके सिखायेंगे, छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।

**मकर राशि-** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में आज सोच विचार करेंगे। अपने खास रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां खुशी का माहौल बना रहेगा। आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं।

**कुंभ राशि-** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए।

**मीन राशि-** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा।

# 'छावा' ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया



हृदयनारायण दीक्षित

सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है। औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि, "मेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ठ होते हैं, वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते।" औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दर्शाया गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है। औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के




लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं। औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं। भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि, "कला प्रकृति की अनुकृति है।" सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम् तत् शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है। सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है। दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
RNI : JHAHIN/2014/54374
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, रविवार, 09 मार्च, 2025



# कानूनी पेंच में फंस सकते हैं मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव ! नाव को लेकर विवाद



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संरक्षक मुकेश सहनी के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज किए जाने के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन वाद की सुनवाई 22 मार्च को होगी. यह मामला भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है.

### क्या है मामला?:

भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार ओझा ने 18 अप्रैल 2024 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कोर्ट में परिवाद दायर किया था. इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न नाव का गलत तरीके से उपयोग किया.

**महागठबंधन के प्रचार में इस्तेमाल किया नाव:** परिवाद के अनुसार, मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने इस चुनाव चिह्न को वापस देने का दबाव बनाया और इनकार करने पर इसे महागठबंधन (इंडिया) के प्रचार में इस्तेमाल किया. आरोप है कि तेजस्वी यादव ने भी इस कथित फर्जीवाड़े में सहयोग किया और नाव चिह्न को महागठबंधन के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया.

### पहले खारिज हुआ था मामला

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने इस परिवाद को खारिज कर दिया था. इसके बाद सुधीर कुमार ओझा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में क्रिमिनल रिवीजन वाद दायर किया, जिसे सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया है.

### 22 मार्च को सुनवाई

अब 22 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई होगी. यह देखना दिलचस्प होगा कि अदालत इस मामले में क्या फैसला देती है और क्या तेजस्वी यादव व मुकेश सहनी को किसी कानूनी पेंच का सामना करना पड़ सकता है.

**बिहार की राजनीति में हलचल:** इस मामले से बिहार की सियासत में हलचल मच गई है. लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी महागठबंधन के प्रमुख चेहरे तेजस्वी यादव पर लगे इस आरोप से राजनीति गरमा सकती है. वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, जो खुद को निषाद समुदाय का बड़ा नेता बताते हैं, उनके लिए भी यह मामला मुश्किलें खड़ी कर सकता है.अगली सुनवाई में क्या होगा, इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी.



# पटना में सड़क हादस में गर्भवती सिपाही की दर्दनाक मौत

### भाई के साथ स्कूटी से जा रही ड्यूटी

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में सड़क हादसा कम नहीं हो रहा है. शुक्रवार को एक गर्भवती महिला सिपाही की रोड एक्सीडेंट में दर्दनाक मौत हो गई. महिला सिपाही अपने भाई के साथ स्कूटी से जा रही थी. इसी दौरान कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. महिला सिपाही डायल 112 के कंट्रोल रूम में पदस्थापित थी. पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है.

**पटना में गर्भवती सिपाही की मौत:** दरअसल, सुबह के करीब 11 बजे के करीब सचिवालय थाना अंतर्गत आईपीएस मोड के पास एक स्कूटी और चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर हो गयी. टक्कर लगने के कारण स्कूटी सवार भाई बहन जख्मी हो गए. लोगों ने फौरन घायल भाई-बहन को इलाज के पीएमसीएच भेजा. जहां इलाज के दौरान घायल महिला सिपाही की मौत हो गई.

**भाई से साथ स्कूटी से जा रही थी ड्यूटी:** बताया जाता है कि महिला डायल 112 के कंट्रोल रूम में तैनात सिपाही के पद पर है. जिसकी पहचान अलका अनुपम के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सिपाही अपने भाई के साथ घर से ड्यूटी जा रही थी. उसी दरमियान आईपीएस मोड के पास एक गलत दिशा से तेज रफ्तार से जा रहे चारपहिया वाहन और स्कूटी में जोरदार टक्कर हुई. जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई.

**7 महीने की गर्भवती थी महिला सिपाही:** मृतक महिला आठ महीने की गर्भवती थी. टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर ही तड़पने लगी. जिसके बाद मौके पर कुछ महिलाओं ने महिला सिपाही की मदद करने की पूरी कोशिश की. इसके बाद उसे इलाज के लिए तुरंत पीएमसीएच भेजा गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई है.

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति कर के 66 हजार से अधिक बकाएदारों की सूची जारी, नोटिस के साथ क्यूआर कोड दिया गया



**पटना, एजेंसी।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर जमा करने को लेकर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अंचलवार सभी 66,535 बकायेदारों की सूची जारी कर दी गई है। इन बकाएदारों से 28,6878075 राशि की वसूली होनी है। निगम प्रशासन ने ऐसे बकाएदारों को डिमांड नोटिस बिल दे रहा है। इस डिमांड बिल पर क्यूआर कोड भी दिया गया है, ताकि क्यूआर कोड को स्कैन करके बकाए राशि का भुगतान किया जा सके। इसकी जिम्मेदारी सभी अंचलों में सफाई पर्यवेक्षकों को दी गई है। इसके माध्यम से संपत्ति धारक घर बैठे बिल पर लगे क्यूआर कोड स्कैन कर शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। मार्च में सभी रविवार एवं सामान्य अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। नगर निगम द्वारा वाट्सएप चैटबोट 9264447449 के माध्यम से आमजन संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। नगर निगम के वाट्सएप चैटबोट पर संपत्ति करके भुगतान एवं स्वंम निर्धारण (सेल्फ एसेसमेंट) इसकी सुविधा 24×7 दी जा रही है। नगर निगम वासियों को इस वाट्सएप चैटबोट पर भुगतान करने पर किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है। पेमेंट करने के तुरंत बाद ही रसीद भी मिलेगी।

### इलाज के लिए आई महिला को गोली मारी, गंभीर

#### परिजन बोले-पहले के विवाद में किया गया हमला, जांच में जुटी पुलिस

**सीवान, एजेंसी।** सिवान में जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के जानकी नगर में एक महिला पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। घटना में घायल महिला की पहचान मुस्तफाबाद, गोरेयाकोठी की रहने वाली नसीमा खातून के रूप में हुई है। बताया गया कि नसीमा अपना इलाज कराने के लिए मुस्तफाबाद से सिवान आई थी। जानकी नगर स्थित जोगी बाबा मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सतवार पंचायत की मुखिया मीना देवी के पति सुरेंद्र प्रसाद ने अपनी निजी गाड़ी से महिला को अस्पताल पहुंचाया। जीबी नगर तरवारा के थानाध्यक्ष रितेश मंडल ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। पीड़िता और उनके परिजनों से पूर्व विवाद के बारे में पूछताछ की जा रही है। परिजनों का कहना है कि पुराने विवाद में यह हमला हुआ है। फिलहाल किसी पर नामजद आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# पटना में भीषण सड़क हादसा, घायलों के मददगार बने पप्पू यादव, निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**पटना, एजेंसी।** शुक्रवार की रात पटना में सड़क हादसा हुआ है. राजधानी के जगदेव पथ स्थित पिलर नंबर-9 के पास बिहार सरकार लिखी सफारी गाड़ी ने ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में 5 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए. वहीं, एक निजी शादी समारोह लौट रहे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने घायलों को देखा तो गाड़ी रोक दी और मदद के लिए हाथ बढ़ाया.

### पप्पू बने घायलों के मददगार

पप्पू यादव ने खुद आगे बढ़कर ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला. फिर अपने समर्थकों के साथ मिलकर सभी को निजी वाहन में डाला और उन घायलों का आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया. हालांकि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो लोग घायल हुए हैं. दोनों का फिलहाल इलाज चल रहा है.

### घायलों को गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

पप्पू ने खुद अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से बातचीत कर घायलों के समुचित इलाज सुनिश्चित कराने की कोशिश की. हालांकि इलाज में देरी और व्यवस्था को लेकर वह नाराज भी दिखे. फिलहला दोनों घायलों का इलाज चल रहा है. डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत खतरे से बाहर है.



### शादी समारोह से लौट रहे थे पप्पू

बताया जाता है कि पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी कुछ लोग मोबाइल से एक्सीडेंट का वीडियो बना रहे थे, लोगों की भीड़ को देखकर पप्पू ने अपनी गाड़ी रोकी और घायलों की मदद की. वहीं, पप्पू ने आरोप लगाया कि जिस गाड़ी ने टक्कर मारी है, उसके ड्राइवर ने शराब पी रखी थी.

### हादसे में दंपती समेत 3 की मौत

इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. मरने वालों में दपती भी शामिल हैं. मृतक की पहचान एम्स नवादा निवासी 50 वर्षीय अशोक कुमार और उनकी 45 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है. ये दोनों अपनी हार्डवेयर दुकान ले लौट रहे थे, तभी सफारी गाड़ी ने ऑटो और उनकी बाइक में टक्कर मार दी.

# इंस्टाग्राम पर कुत्ते की पूंछ काटते बनाया वीडियो :कटिहार में पेटा की शिकायत

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाह में एक युवक ने पशु क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। घटना प्राणपुर थाना क्षेत्र की है। जहां एक युवक ने एक कुत्ते की पूंछ काट दी और इस क्रूर कृत्य का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि युवक एक संथाली गाने पर कुत्ते की पूंछ काट रहा है। यह वीडियो वायरल होते ही पशु अधिकार संगठन पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ़ एनिमल (पेटा) ने कटिहार के एसपी को मेल के जरिए शिकायत की। पेटा ने वीडियो की कॉपी भी एसपी को भेजी और कार्रवाई की मांग की। कटिहार के एसपी वैभव शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर ली गई है।

# बीपीएससी 70वीं परीक्षा मामला: 18 मार्च तक टली सुनवाई




**पटना, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट में 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा पुनः कराये जाने की याचिकायों पर सुनवाई 18 मार्च 2025 तक टल गई है. पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ इस संबंध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई की. इससे पहले जस्टिस एएस चंदेल इन मामलों पर सुनवाई कर रहे थे. लेकिन इससे सभी सम्बन्धित मामलों की सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ द्वारा की जाएगी.

**हलफनामा दायर करने का हुआ था आदेश :** इससे पूर्व जस्टिस अरविन्द कुमार चंदेल ने इन मामलों पर सुनवाई करते हुए राज्य व बीपीएससी को 30 जनवरी 2025 तक हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया था. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि आयोग द्वारा लिए गये परीक्षा का परिणाम इस याचिका के अंतिम निर्णय पर निर्भर होगा.

**बीपीएससी पर लगाया गया आरोप :** वरीय अधिवक्ता वाईवी गिरी ने कोर्ट को बताया था कि इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई, लेकिन बीपीएससी न तो इन मामलों की जांच करा रही है, न ही पुनः परीक्षा लेने को तैयार है. उन्होंने बताया था कि चार लाख उम्मीदवारों की प्रारंभिक परीक्षा 912 केन्द्रों पर 13 दिसंबर 2024 को हुआ. बहुत सारे परीक्षा केंद्रो पर प्रश्नपत्र परीक्षा जारी रहने के दौरान ही लीक होने का आरोप लगाया गया लेकिन 4 जनवरी 2025 को बापू सभागार केंद्र, पटना में ही आयोग ने पुनः परीक्षा कराया. इस परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को 6 अंक दिये जाने का निर्णय हुआ. इसमें तीन प्रश्न गलत थे, जबकि 2 प्रश्न पिछली परीक्षा से ही था, एक और प्रश्न गलत था. अधिवक्ता गिरी ने बताया कि 4 जनवरी 2025 को ली गयी परीक्षा के उम्मीदवारों को 6 अंकों का लाभ मिलेगा, जबकि अन्य उम्मीदवार इससे वंचित रहेंगे. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने बताया था कि इसी मामले में एक जनहित याचिका दायर की गयी है. उन्होंने कहा था कि दोनों याचिकायों पर एक साथ सुनवाई हो. उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में गड़बड़ी पर आपत्तियां मांगी गयी है. आपत्तियों की जांच करने के बाद प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित हो जायेगा.

**18 मार्च को अगली सुनवाई :** बीपीएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता ललित किशोर ने कोर्ट को बताया था कि किसी ने सही ढंग से बीपीएससी के समक्ष शिकायत दर्ज नहीं कराई. इससे कैसे जांच की जाएगी. कोर्ट को वरीय अधिवक्ता यदुवंश गिरी ने बताया कि बीपीएससी ने सिर्फ प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया, बल्कि मुख्य परीक्षा की तारीखें भी निकाल दी है. इस मामले पर अगली सुनवाई 18 मार्च 2025 को की जाएगी.

## अब अमेरिका और कनाडा के लोग भी सुधा के प्रोडक्ट का ले सकेंगे आनंद

# बिहार का अपना सुधा ब्रांड हुआ लोकल से ग्लोबल

**पटना, एजेंसी।** आज बिहार के लिए गौरव का क्षण है. बिहार स्टेट मिल्क को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का प्रसिद्ध सुधा ब्रांड अब लोकल से ग्लोबल हो गया है. सुधा का घी, गुलाब जामुन एवं मखाना पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा भेजा गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पटना से इस खेप को रवाना किया. अमेरिका और कनाडा का पहला खेत गुजरात के मुंद्रा पोर्ट एवं पश्चिम बंगाल के कोलकाता पोर्ट से समुद्र के रास्ते भेजा जा रहा है.

**48 लाख का पहला विदेशी व्यापार :** पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह कॉम्फेट के अध्यक्ष डॉ एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि अभी तक बिहार का सुधा मल्टी का वितरण बिहार, झारखंड के अलावे निकटवर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली एवं पूर्वोत्तर राज्यों तक था.

जो भी सुधा का प्रोडक्ट भेजा गया है, वह अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप तैयार किया गया है. पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि सुधा घी 1 किलो 5 किलो और 10 किलो के पैक साइज में, सुधा मखाना ढाई सौ ग्राम पैक साइज में और सुधा का गुलाब जामुन 1 किलो के पैक साइज में अमेरिका और कनाडा भेजा गया है. पहली बार 48 लाख रुपए का सुधा उत्पाद, जिसमें 31.45 लाख का 5700 किलोग्राम घी, 8.30 लाख का 500 किग्रा मखाना एवं 8.25 लाख का 5000 किलोग्राम गुलाब जामुन का खेप रवाना किया जा रहा है.



**उच्च क्वालिटी का प्रोडक्ट :** कॉम्फेड की अध्यक्ष डॉ एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि सुधा घी का एक्सपायरी डेट डेढ़ साल तक, गुलाब जामुन का एक्सपायरी डेट 1 साल तक का तैयार किया गया है. इन प्रोडक्टों की पैकिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोडक्ट के हिसाब से तैयार की गई है. उन्होंने कहा कि बिहार के लिए इसीलिए यह गौरव की बात है क्योंकि बिहार का यह अपना ब्रांड पहली बार अंतरराष्ट्रीय मार्केट में जा रहा है, जो अमेरिका और कनाडा के विभिन्न शहरों में वहां के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होंगे.

### मुजफ्फरपुर समेत 6 शहरों में बनेंगे रिंग रोड, 2035 तक 3 घंटे में पटना आ-जा सकेंगे लोग

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कुल 6 शहरों में रिंग रोड बनाए जाएंगे। राजधानी पटना के बाद अब राज्य के 5 अन्य शहरों में भी रिंग रोड का निर्माण होगा। प्रदेश सरकार ने पटना के अलावा दरभंगा, गया, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर और कटिहार में रिंग रोड बनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में इसी साल आवश्यक कार्यवाही शुरू हो जाएगी। शुक्रवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय पेश करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2035 तक बिहार के किसी भी कोने से अधिकतम 3 घंटे में पटना आना-जाना संभव हो सकेगा।

# बगहा के पतिलार गांव में होली से पहले लगता है महामूर्खों का मेला



**पश्चिम चंपारण (बगहा), एजेंसी।** रंगों का पर्व होली अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तरीके से मनाने की परम्परा है. बगहा के पतिलार गांव में होली की पूर्व संध्या पर पढ़े लिखे लोगों में से महामूर्ख का चयन किया जाता है. उसे महामूर्ख की उपाधि देने के उपरांत हर्षोल्लास के साथ रंग की खुशियों में लोग सराबोर होते हैं. प्रत्येक वर्ष होली की पूर्व संध्या पर पंचायत के मुखिया द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन होता है. उसके बाद होली मनाई जाती है.

**पतिलार गांव का महामूर्ख सम्मेलन :** प्रेम, आनंद, मस्ती और ठिठोली का त्योहार होली शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व है. राग-रंग और अल्हड़पन का झरोखा बिखेरने वाले इस पर्व को अपने अंदाज में मनाने की परम्परा पश्चिम चंपारण के पतिलार गांव में भी मशहूर है. जिसे महामूर्ख होली की संज्ञा दी जाती है. दरअसल यहां होली का शुभारंभ इलाके के महामूर्ख का चयन करने के उपरांत मनाई जाती है.

**45 वर्ष पहले हुई शुरुआत :** पतिलार गांव के देवीदत्त मालवीय बताते हैं कि इस परम्परा की शुरुआत आज से 45 वर्ष पहले हुई. उस समय गांव के कुछ कवि इलाके के विद्वान लोगों के बारे में मजाकिया कविताएं लिख कर चौक चौराहों पर चिपकाते थे. होली की सुबह ग्रामीण इन व्यंग्यात्मक कविताओं को पढ़ कर खूब आनन्द लेते थे. आयोजन समिति के सदस्य देवीदत्त मालवीय ने बताया कि इसमें बदलाव लाते हुए ग्रामीणों ने एक स्थान का चयन किया और वहां कवि और साहित्यकारों का जुटान होने लगा. उस जगह पर बैठकर लोग व्यंग्यात्मक कविताएं एक दूसरे को सुनाने लगे. आगे चलकर इसे एक सार्वजनिक मंच दिया गया और अब प्रत्येक होली की पूर्व संध्या पर महामूर्ख होली सम्मेलन का आयोजन किया जाता है.

**लोगों को रहता था व्यंग्य का इंतजार :** आयोजन के सदस्य मिथिलेश उपाध्याय बताते हैं कि, मूर्ख तो पहले से मूर्ख कहलाता है लेकिन विद्वान को महामूर्ख की उपाधि देना एक अलग बात है. पहले गांव के कवियों द्वारा बाजार के मुख्य गेट पर इलाके के प्रसिद्ध और पढ़े लिखे लोगों पर व्यंग्यात्मक कविताएं चिपकाई जाती थी. जिसे पढ़कर लोग रस लेते थे. लोगों को इसका इंतजार रहता था कि इस बार होली पर किसके बारे में क्या मजाक लिखा हुआ है. बाद में इस पतिलार पंचायत के साहित्यकार और कवि एक दवा की दुकान में जमा होकर कविताएं सुनने सुनाने लगे.

# शराब तस्करी मामले में आरोपी को 6 साल की जेलकोर्ट ने 1 लाख जुर्माना भी लगाय




**अररिया, एजेंसी।** अररिया के एडीजे सह एक्साइज-01 कोर्ट के स्पेशल जज राजीव रंजन सिंह ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। नरपतगंज के पलासी वार्ड 2 निवासी सिकंदर कुमार बहरदार को 6 साल की सजा सुनाई गई है। आरोपी को एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा होगी। यह सजा उत्पाद केस 3494/2023 और नरपतगंज थाना कांड संख्या 585/2023 में दी गई है। मामला अक्टूबर 2023 का है। नरपतगंज पुलिस फारबिसगंज-सुपौल रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी। एक पिकअप वाहन की तलाशी में अवैध नेपाली दिलवाले शराब मिली। आरोपी इस वाहन को फारबिसगंज से सुपौल की तरफ ले जा रहा था।

जब्त की गई शराब 30 बोरों में रखी हुई थी। इनमें 4 कार्टून के हिसाब से कुल 120 कार्टून थे। प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की थी। कुल 3600 बोतलें यानी 1080 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। सरकार की तरफ से एक्साइज एक्ट के स्पेशल पीपी संजय मिश्रा और उत्पाद के अधिकृत अधिवक्ता चंदन कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। शराब बरामदगी का मामला प्रमाणित होने पर कोर्ट ने यह सजा सुनाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### भांजी की शादी में डीजे पर डांस कर रहे मामा की मौत

#### परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़, एजेंसी।** गोधा से भांजी की शादी में अरनिया भात लेकर गए मामा की 6 मार्च को डीजे पर डांस करते समय हृदयाघात से मौत हो गई। हालांकि परिजन उसे जेवर के अस्पताल भी लेकर गए। मगर, मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शादी की खुशियां काफूर हो गईं। आनन फानन शादी की प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार गोधा के गांव खेड़ा बुजुर्ग का 32 वर्षीय विक्रम सिंह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। खुद वह निजी कंपनी में जॉब करता था। 6 मार्च को उसकी भांजी की अरनिया बुलंदशहर के गांव खुरियावली में शादी थी। जिसमें वह परिजनों संग हंसी खुशी भात लेकर गया। शाम को भात पहनाने की प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े आठ बजे वह डीजे पर डांस कर रहा था। तभी सीने में दर्द के साथ तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे जेवर के अस्पताल लेकर पहुंचे, मृत घोषित कर दिया।

#### छह दिन पहले हुआ एक बेटा

विक्रम सिंह के एक भाई की दो वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। वह तीन बच्चों का पिता था। जिसमें एक बेटे का जन्म छह दिन पहले ही हुआ। तीनों बच्चों को लिए पत्नी का हाल बेहाल था।

### मुठभेड़ में घायल बदमाश शेरा का इलाज के दौरान काटना पड़ा पैर

#### गोली से लगने से फैला संक्रमण

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल 25 हजार के इनामी बदमाश का इलाज के दौरान एक पैर काटना पड़ा। उसे चार मार्च को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। पैर में गोली लगने के कारण संक्रमण फैल गया। कैंट थाने के गांव वारी नगला निवासी शेर सिंह उर्फ शेरा के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने 25 फरवरी को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। चार मार्च को तड़के फतेहगंज पश्चिमी पुलिस से उसकी मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी छोटी बाजार खलीलपुर थाना सीबीगंज निवासी राहुल शर्मा उर्फ टीनू मौके से भाग निकला। शेरा का एक निजी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। संक्रमण फैलने के कारण डॉक्टर ने उसका दाहिना पैर काट दिया है। शेर सिंह उर्फ शेरा के खिलाफ गैंगस्टर समेत 18 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लूटपाट करने वाले पंजीकृत गिरोह का गैंग लीडर भी है।

# बरसाने में सिर्फ होली की बधाई और विकास की फिक्र

## राजनीति न कोई कूटनीति; सीएम योगी ने जीता ब्रजवासियों की दिल



**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा के बरसाने में रंगोत्सव का शुभारंभ करने आए सीएम योगी ने बस ब्रज की रीति निभाई। उन्होंने अपने भाषण में राजनीति का कोई जिक्र किया और न ही कोई कूटनीति अपनाई। सीधे राधा रानी का आशीर्वाद लेने पहुंचे और होली की बधाई देते हुए फूलों की होली भी खेली। उनकी बातों में जहां काशी, अयोध्या और प्रयागराज का जिक्र दिखा तो वहीं ब्रज के विकास की फिक्र भी नजर आई। सीएम योगी अपने राजनीतिक विरोधियों पर सीधे प्रहार के लिए जाने जाते हैं। लेकिन शुक्रवार को जब सीएम योगी बरसाना आए तो अंदाज सधा हुआ था। आमतौर पर सीएम के जो तेवर देखने को मिलते हैं, बरसाना में उनका स्वरूप उलट नजर आया। मर्यादाओं से सदा मुक्त रहने वाले योगीराज श्रीकृष्ण की नगरी में सीएम योगी ने खुद को धर्म की मर्यादा में बांधकर रखा। बरसाने की परंपरा के अनुसार पहले राधा रानी मंदिर में दर्शन और पूजन किया और फिर मंदिर के शिखर से श्रद्धालुओं को होली की बधाई दी। यहां परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं पर फूल बरसाने के बाद वे रंगोत्सव का शुभारंभ करने राधा बिहारी इंटर कॉलेज परिसर पहुंचे। यहां भी बस काशी, प्रयागराज और अयोध्या के विकास का जिक्र किया और ब्रज के विकास की फिक्र दिखाई। पूरे भाषण के दौरान वृंदावन बिहारी लाल, राधा रानी और यमुना मैया के साथ ही ब्रज का गुणगान करते रहे। इसके साथ ही यह भी विश्वास दिलाया कि अब ब्रज के विकास की बारी है। बात सिर्फ विकास तक ही सीमित रही, यहां भी सीएम ने पूर्व सरकारों और राजनीतिक दलों की कोई बात नहीं की। ब्रजवासियों को संबोधित करते हुए सीएम ने कई बार महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन का जिक्र किया, लेकिन यहां भी उन्होंने महाकुंभ के आयोजन पर सवाल खड़े करने वाले राजनीतिक विरोधियों पर कोई निशाना नहीं साधा। उनका पूरा भाषण राजनीतिक और कूटनीति से दूर ब्रज की आस्था और विकास पर केंद्रित रहा। इससे सीएम का संदेश साफ है कि इधर-उधर की नहीं अब केवल ब्रज के विकास की ही बात होगी। प्रधानमंत्री ने यमुना मैया के निर्मल और अविरल होने का संकल्प लिया है, इसके बाद से ही ब्रजवासी भी यमुना की पीर हरने को अधीर हैं। सीएम योगी ने भी जल्द यमुना मैया के निर्मल और अविरल होने की बात कही। दिल्ली सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में भी रामभक्तों की सरकार आ गई है, लेकिन पूर्व सरकार पर कोई हमला नहीं बोला। वहीं दूसरी तरफ एएमयू में होली को लेकर छिड़ी रार पर लोगों को सीएम की प्रतिक्रिया का इंतजार था। लेकिन सीएम ने बिना एएमयू का जिक्र किए बस होली को आपसी सद्भाव का त्योहार बताते हुए अपनी बात पूरी की।

## होली पर दिल्ली के लिए 20 बसें, लखनऊ व कानपुर रूटों पर बढ़ेंगे फेरे

**रायबरेली, एजेंसी।** होली के मौके पर यात्रियों को घर पहुंचाने के लिए परिवहन निगम ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। दिल्ली रूट पर 20 बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा लखनऊ, कानपुर और सुल्तानपुर मार्गों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के रूटों पर बसों का संचालन पहले की तरह ही होगा। वहीं, होली के मद्देनजर सहायक क्षेत्रीय



प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी चालकों-परिचालकों की छुट्टियों को निरस्त कर दिया है।

इस बार होली पर अपने घर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। परिवहन निगम ने दिल्ली, कानपुर और लखनऊ रूटों पर बसों की पर्याप्त व्यवस्था कर दी है। ज्यादातर यात्री इन्हीं मार्गों से अपने घरों को पहुंचते हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली रूट पर आठ बसें संचालित हो रही हैं। होली को देखते हुए इस रूट पर 20 बसें चलाई जाएंगी। प्रयागराज, सुल्तानपुर, गोरखपुर, अयोध्या, काठगोदाम, हरिद्वार, बलिया, वाराणसी आदि मार्गों पर बसों के संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जरूरत के हिसाब से इन रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

# बिना कोचिंग आईपीएस बनीं अंशिका, प्रतिभा ने चुनी चुनौती

**बरेली, एजेंसी।** तेरे माथे पे ये आंचल बहुत ही खूब है, लेकिन तू इस आंचल से इक परचम बना लेती तो अच्छा था...मशहूर शायर मजाज लखनवी का ये शेर महिलाओं को हौसला और ताकत देता है। हौसला, ये केवल शब्द नहीं, आधी आबादी को बराबरी का दर्जा और उनका हक दिलाने की कुंजी है। इस शब्द को अपनी जिंदगी में कई महिलाओं ने जीया है। इसीलिए वह आज शिखर पर शोहरत की दास्तां लिख रही हैं। हर क्षेत्र में उन्होंने कामयाबी हासिल की है। वे नित नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। किसी ने सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है तो कोई फिल्मी दुनिया में कॅरिअर संवार रहा है। पुरुषों के एकाधिकार को तोड़कर आधुनिक ढंग से किसानी भी महिलाएं कर रही हैं। खेल, कारोबार, शिक्षा व तकनीकी के क्षेत्र में भी उनकी बुलंदी दूसरों के लिए अनुकरणीय है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आइए जानते हैं उन महिलाओं की सफलता की कहानी जिन्होंने अपने जोश, जज्बे और कुछ कर गुजरने की चाह के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है।

**मजबूत इरादों संग बिना कोचिंग बनीं आईपीएस-** इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता। बिना किसी कोचिंग के खुद तैयारी कर यूपीएससी







की परीक्षा पास की। आईपीएस बनीं। यह चुनौती अपनी अडिग इच्छाशक्ति और बुलंद इरादों से वर्तमान में बरेली की एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने पूरी की। आईपीएस अधिकारी के रूप में अंशिका न केवल कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं, साथ ही वह समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। अंशिका का जन्म तीन जनवरी 1996 को प्रयागराज में हुआ। अंशिका ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक किया। यूपीएससी में 2021 में 136वीं रैंक हासिल की। उनका कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा से बेहतर करने की कोशिश है। ऐसे अभियान भी शुरू किए, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाया जा सके। अंशिका का मानना है कि अगर महिलाओं को बराबरी का दर्जा देना है, तो उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा से सशक्त बनाना होगा। अपने बेहतर कामों के लिए उन्हें हाल ही में वीमेन आइकन अवार्ड से दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्मानित किया।

विस्फोटक को तलाशने में अहम भूमिका डॉग और उसके हैंडलर की रहती है। बरेली की बेटी प्रतिभा लाल फाटक क्षेत्र निवासी इस भूमिका को रोमांच और गर्व के साथ निभा रहीं हैं। तीन साल पहले आईटीबीपी में भर्ती हुईं प्रतिभा ने बताया कि उनके पास बेल्जियम शैफर्ड मैलिनोइस डॉग है। इसे उन्होंने ही ट्रेनिंग दी है। एएक्सएल नाम का यह डॉग विस्फोटक के साथ मादक पदार्थ आदि को उसकी गंध से तलाशने की महारत रखता है। इस तरह की विशेषता वाले डॉग की मांग नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में होती है। इन इलाकों में पूर्ण रूप से ट्रेनिंग लिए हुए डॉग व उसके हैंडलर को ही भेजा जाता है।

वह अभी चंडीगढ़, बेलगाम, देहरादून और भुवनेश्वर में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि महिला होने की वजह से कई बार खतरे वाली जगहों पर उन्हें भेजने में वरिष्ठ हिचकते हैं। उन्हें उम्मीद हैं कि यह इजाजत भी सरकार की ओर जल्द मिलेगी और वह भी देश सेवा के लिए चुनौतीपूर्ण इलाकों में ड्यूटी के लिए जाएंगी।

## सोने के बिस्कुट व आईफोन का दिया लालच, 50 हजार ठगे

**अलीगढ़, एजेंसी।** सोने के बिस्कुट और आईफोन मिलने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक महिला से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। गांव बेर नगरिया निवासी अजीत सिंह की पत्नी आरती के अनुसार उनके बैंक खाते में पति का मोबाइल नंबर दर्ज है। 6 मार्च की दोपहर उन्हें व्हाट्स एप कॉल आई। इसमें उनके नाम से एक पार्सल बुक होने की जानकारी दी गई।

बताया गया कि पार्सल में सोने के बिस्कुट और आईफोन है। पार्सल को मंगाने के लिए कस्टम ड्यूटी के 50 हजार रुपये भेजने और रुपये न भेजने पर पार्सल वापस होने की बात कही गई। लालच में आकर वह बैंक पहुंचीं और खाते से 50 हजार रुपये निकालकर बाजार में एक अन्य व्यक्ति के जरिये साइबर ठग के मोबाइल नंबर पर रुपये भिजवा दिए। रुपये निकलने का मेसेज पढ़कर पति ने फोन किया तब ठगी का शिकार होने का पता चला।

# स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क पर पलटी एसयूवी, एक बराती की मौत, पांच घायल

**रायबरेली, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बरातियों से भरी एसयूवी एक निजी स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क पर जाकर पलट गई। इससे एसयूवी सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक समेत पांच लोग जख्मी हो गए। इसमें सवार दो बैंडकर्मियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के डींगुर सिंह का पुरवा मजरे उसरैना निवासी रोहित की बृहस्पतिवार को शादी थी। बरात सलोन कोतवाली क्षेत्र के सेमरी झकरासी मजरे सूची गांव गई थी। शुक्रवार को दुल्हन की विदाई के बाद बराती घर आ रहे थे। एक एसयूवी से आठ बराती घर जा रहे थे। सूची चौकी के समीप अचानक चालक को झपकी आ गई। इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर बीएमएस पब्लिक स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई। सहायता के लिए चिल्लाने लगे। हादसे में एसयूवी सवार फकीर का पुरवा मजरे उसरैना





निवासी सत्यम कुमार (18) पुत्र राकेश की मौत हो गई। वहीं, गांव के रहने वाले अशोक (17), सोनू (40), अरुण (13), शिवा (14), सतीश (11) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कार सवार लोगों को बाहर निकाला और घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, यहां से चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में एसयूवी सवार बैंडकर्मी गदागंज थाना क्षेत्र के धमधमा निवासी आशू, गोकुल को मामूली चोटें आई हैं। दोनों को ग्रामीणों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एसयूवी की रफ्तार अधिक थी। इससे चालक वाहन को संभाल नहीं पाया और हादसा हो गया। कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि वाहन घायल सोनू चला रहा था। आशंका जताई जा रही है कि रात में सोनू सो नहीं पाया था। वाहन चलाते समय उसे झपकी आ गई, जिससे यह हादसा हुआ। वाहन को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सात दिनों तक नहीं चलेगी जौनपुर इंटरसिटी



**रायबरेली, एजेंसी।** प्रतापगढ़ जिले में रेल लाइन दोहरीकरण के लिए होने वाले नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से एक हफ्ते तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इनमें कई ट्रेनें ऐसी हैं, जो जिले से होकर गुजरती हैं। जौनपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी, वहीं अर्चना एक्सप्रेस, पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों को दूसरे रास्तों से दौड़ाया जाएगा। इससे ये ट्रेनें भी रायबरेली से होकर नहीं गुजरेंगी। यात्री अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों के बारे में पता कर लें, ताकि स्टेशन पर पहुंचने के बाद परेशान न होना पड़े।

रायबरेली और जौनपुर के बीच रोजाना दौड़ने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 20 से 26 मार्च तक सात दिनों तक निरस्त रहेगी। वाराणसी और लखनऊ के बीच दौड़ने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 20 से 26 मार्च तक सात दिनों तक सुल्तानपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह ट्रेन रायबरेली जिले से होकर नहीं गुजरेगी। हावड़ा और अमृतसर के बीच चलने वाली पंजाब मेल 19 से 25 मार्च तक सात दिन सुल्तानपुर के रास्ते दौड़ाई जाएगी, जबकि पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस 22 व 25 मार्च को, जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस 19 व 23 मार्च को और पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस 21, 23 व 25 मार्च को सुल्तानपुर के रास्ते जाएगी। इससे इन ट्रेनों का संचालन भी रायबरेली जिले से नहीं होगा।

### बदले रास्ते से आएंगी जनता मेल व पैसेंजर

जनता मेल और पैसेंजर ट्रेनें रायबरेली जरूर आएंगी, लेकिन इन्हें दूसरे रास्तों से लाया जाएगा। पहले से तय रूटों पर न चलने से यात्रियों को दिक्कत होगी। वाराणसी और देहरादून के बीच दौड़ने वाली जनता मेल 20 से 26 मार्च तक जंघऊ-फाफामऊ-ऊंचाहार के रास्ते चलाएंगे। इसके अलावा लखनऊ-प्रयागराज पैसेंजर 24 से 26 मार्च तक और यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस 24 मार्च को फाफामऊ-ऊंचाहार के रास्ते चलाया जाएगा। ये ट्रेनें प्रतापगढ़ की ओर नहीं जाएंगी। बनारस-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस 26 मार्च को 45 मिनट देरी से चलाई जाएंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि प्रतापगढ़-पृथ्वीगंज-गौरा रेलखंड में रेल लाइन का दोहरीकरण हो रहा है। इसके लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाना है।

## गुप्तांग सहित पूरे शरीर को गोद कर कानपुर में 13 साल के बच्चे की हत्या

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** इंसान दिखने वाले लोगों में दिल दहलाने की हद तक राक्षसी प्रवृत्ति भी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसी ही राक्षसी प्रवृत्ति वाले दरिंदों ने गुप्तांग सहित पूरे शरीर को धारदार हथियार से गोद कर13 साल के बच्चे की हत्या कर दी। वह एक प्रॉपर्टी डीलर का बेटा था और घटना को अंजाम देने के पहले उसे 10 लख रुपए की फिरौती भी मांगी गई थी और जब फिरौती नहीं मिली तभी दरिंदों ने इस घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

यह घटना अरौल थाना क्षेत्र की है। यहां एक गांव निवासी दो युवक 13 साल के दोस्त को बहला फुसलाकर गांव के खंडहर में ले गए। वहां बंधक बनाकर कुकर्म किया। दरिंदों ने विरोध करने पर किशोर का रस्सी से गला कस दिया। इसके बाद उसके सिर पर सरिये से वार कर खोपड़ी खोल डाली। पूरा शरीर पेचकस से गोदकर मार डाला। उसके शरीर पर चोट के 90 निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम में इसका खुलासा हुआ।

पुलिस के मुताबिक दरिंदों ने हाथ पैर तोड़ने के साथ गुप्तांग को भी चोट पहुंचाई। हत्या के बाद शव को हाईवे के पास 40 फीट गहरे कुएं में फेंक दिया। पुलिस से बचने के लिए घटना को अपहरण का रूप देने की साजिश रची।

इसके तहत किशोर के मोबाइल से उसके पिता को 10 लाख रुपये की फिरौती का मैसेज भेजा। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला खुल गया। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से घटना को अंजाम देने वाले किशोर के दोस्त और इसी गांव के निवासी अजहर उर्फ अज्जू और नजर अली उर्फ हुसैनी को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के खिलाफ गांव में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ जबरदस्त रोष भी व्याप्त है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेजने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एअर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना किया, 82 साल की बुजुर्ग महिला को गिरने से चोट लगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर 82 साल की बुजुर्ग महिला को एअर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना कर दिया। वह इसके लिए एक घंटे तक इंतजार करती रहीं। फिर काफी दूर तक चलना पड़ा। बाद में एयरलाइन के काउंटर के पास गिर गईं। गिरने से महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। लेकिन वहां मौजूद किसी भी स्टाफ ने मदद नहीं की। अब वे दो दिन से ICU में भर्ती हैं। पोती ने बताया- टिकट में व्हीलचेयर देने की बात लिखी थी महिला की पोती, पारुल कंवर ने बताया कि उन्होंने दिल्ली से बेंगलुरु जाने के लिए एअर इंडिया की फ्लाइट बुक की थी, जिसमें उनकी दादी के लिए एअरक्राफ्ट डोर तक व्हीलचेयर की विशेष मांग की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी। लेकिन जब वे टर्मिनल 3 पहुंचे, तो एक घंटे इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली। महिला की पोती ने आरोप लगाया कि बाद में एक व्हीलचेयर आई और दादी को विमान में बैठा दिया गया, लेकिन सही मेडिकल चेकअप नहीं मिला। वह होंठ से बहते खून, सिर और नाक पर चोटों के साथ विमान में चढ़ीं। फ्लाइट क्रू ने बर्फ की पट्टियां दीं और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डॉक्टर को बुलाया, जहां महिला के होंठों पर 2 टांके लगाए गए। अब वे ICU में हैं और डॉक्टर उनके ब्रेन ब्लीड की आशंका जता रहे हैं। परिवार ने DGCA और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज की है और अब कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

### शहीद की बेटी की शादी, आर्मी जवानों ने निभाई रस्में, 16 साल पहले साथी से किया वादा पूरा करने आए 26 फौजी



**बहरोड़।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 26 आर्मी जवान अपने शहीद साथी की बेटी की शादी में अपना वादा निभाने पहुंचे। 16 साल पहले आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए सूबेदार कंवरपाल सिंह की बेटी की शादी में जवानों ने न सिर्फ सभी रस्में निभाईं, बल्कि बिटिया को आशीर्वाद देकर डोली को स्टेज तक ले गए और विदाई तक मौजूद रहे। शहीद कंवरपाल सिंह के भाई कौशल सिंह ने कहा- यह सिर्फ एक वादा नहीं था, यह भारतीय सेना की वो परंपरा है, जहां हर शहीद का परिवार पूरी फौज का परिवार बन जाता है। आज मेरे भाई की कमी महसूस नहीं हुई, क्योंकि पूरी फौज उनकी जगह यहां मौजूद थी। कुतिना सरपंच रविंद्र सिंह चौहान ने कहा- आज के समय में जब लोग अपने रिश्तों और जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं, तब आर्मी के इन जवानों ने दिखाया कि वादा क्या होता है। आर्मी के जवान सिर्फ बॉर्डर पर ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी में भी अपने फर्ज और वादे को इतनी शिद्दत से निभाते हैं। गांव कुतिना निवासी कौशल सिंह चौहान ने बताया- उनकी भतीजी बबली कंवर की शादी दिल्ली निवासी अरुण सिंह राजावत के साथ 5 मार्च को थी। इस खास मौके पर ग्रेनेडियर रेजिमेंट की 14वीं यूनिट से 1 JCO और 15 जवान, 39 राष्ट्रीय राइफल (RR) से 1 JCO और 9 जवान शामिल हुए। शहीद कंवरपाल सिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके परिवार में पत्नी राधा देवी और चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी बबली कंवर LLB कर रही हैं। कंचन कंवर और नेहा कंवर MBBS की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि बेटा मनमोहन सिंह BCA कर रहा है।

### यूपी ATS ने 18 साल से फरार आतंकी को पकड़ा, 3 पत्नियों के साथ कश्मीर में रह रहा था

**लखनऊ, मुरादाबाद।** यूपी ATS ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन को कश्मीर से गिरफ्तार किया है। ATS और यूपी पुलिस को उल्फत की 18 साल से तलाश थी। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। उल्फत को मेडिकल कराने के बाद मुरादाबाद जेल भेज दिया गया है। ATS प्रवक्ता ने बताया- उल्फत मूल रूप से कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला है। वह राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। वह 2007 में मुरादाबाद से फरार हुआ था। SSP ATS देवेश कुमार पांडेय ने बताया- हमें सूचना मिल रही थी कि उल्फत हुसैन आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। इसके बाद से सहारनपुर की ATS यूनिट उसे ट्रेस कर रही थी। उसकी लोकेशन जम्मू-कश्मीर के पुंछ में मिली। वहां ATS की टीम पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया- उल्फत आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का सदस्य रह चुका है। उसने 1999 से 2000 तक पाक-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (POK) में ट्रेनिंग ली थी। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, उल्फत की 3 शादियां हुई हैं। तीनों के साथ वह अपने गांव कश्मीर में रहता था। तीनों पत्नियों से उसको 5 बच्चे हैं। एटीएस अभी उसकी पत्नियों और बच्चों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### तेलंगाना टनल हादसा, स्नीफर डॉग्स ने दो स्थान खोजे, यहां इंसानों के होने की संभावना

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल हादसे को 15 दिन बीत चुके हैं। लेकिन अंदर फंसे 8 मजदूरों को अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। शुक्रवार को स्निफर डॉग्स को टनल में ले जाया गया। खोजी कुत्तों ने दो जगहों को स्पॉट किया है। यहां मानव (मजदूर) होने की संभावना है। अब इन दो जगहों पर जमा मलबा, गाद हटाया जा रहा है। दरअसल केरल पुलिस के ट्रेंड डॉग्स (बेल्जियम मालिनोइस नस्ल के) को रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल किया गया। इन डॉग्स को लापता इंसानों और शवों को पता लगाने के लिए ट्रेंड किया गया है। अधिकारी के मुताबिक- ये डॉग्स 15 फीट की गहराई से भी गंध का पता लगा सकते हैं। NDRF की टीम भी टनल में गई थी, उसने अंदर रेस्क्यू को लेकर तैयारी की। तेलंगाना सरकार की संचालित माइनिंद सिंगरेनी कोलियरीज लिमिटेड (MNCL) और रैट माइनर्स की टीमें दिन में पहचाने गए स्पॉट पर काम कर रही हैं। रोबोट का उपयोग करने की संभावना तलाशने वाली एक टीम भी सुरंग में गई थी। सुरंग में ऊपरी स्लैब से हर मिनट 5 से 8 हजार लीटर पानी आ रहा दैनिक भास्कर ने तेलंगाना के सोशल एक्टिविस्ट नैनाला गोवर्धन से बात की थी। वो सरकार की कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना में गड़बड़ी और SLBC प्रोजेक्ट में बरती गई लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। गोवर्धन कहते हैं कि तेलंगाना राज्य बनने के बाद भी SLBC टनल प्रोजेक्ट को के. चंद्रशेखर राव की सरकार ने नजरअंदाज कर दिया। उनकी पार्टी BRS 10 साल सत्ता में रही, लेकिन सिर्फ 11 किलोमीटर सुरंग की खुदाई हो सकी।

### पोल से बांधे हाथ, छाती पर गोली मारी...फिर दफनाया, यूपी की शहजादी अबू धाबी में दफन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा की रहने वाली शहजादी को UAE के अबू धाबी में दफन कर दिया गया। 6 मार्च यानी गुरुवार को हुए सुपुर्द-ए-खाक की तस्वीरें उसके परिजन को भेजी गई हैं। शहजादी की कब्र का नंबर A7S1954 है। शहजादी को अबू धाबी के अल बाथवा जेल में 15 फरवरी की सुबह ठीक साढ़े पांच बजे सजा-ए-मौत दी गई थी। शहजादी को एक खास किस्म का कपड़ा पहनाकर एक पोल से बांध दिया गया था। उसकी आंखों पर पट्टी थी। दोनों हाथ पीछे की तरफ बंधे थे। दिल के ठीक ऊपर एक कपड़े का टुकड़ा लगाया गया था। ताकि गोली मारने वाले के लिए निशाना लगाना आसान हो। फिर उसे छाती पर गोली मार दी गई। UAE में सजा-ए-मौत देने का यही तरीका है। यूएई में कानून है कि जिन्हें सजा-ए-मौत दी जाती है, उनकी लाश उनके देश वापस नहीं भेजी जाती। बल्कि वहीं उसके धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार कर दिया जाता है। शहजादी के परिवार को अबू धाबी बुलाया गया था। कहा था कि अगर परिवार चाहे तो वहां आ सकता है। पिता ने आर्थिक तंगी का हवाला देकर जाने में असमर्थता जाहिर की थी। शहजादी के पिता शब्बीर अहमद ने आरोपी उजैर को क्लीन चिट दिए जाने पर सवाल उठाया है।

# मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा भड़की

## कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं, सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया, आंसूगैस छोड़े

**एजेंसी, मणिपुर**



मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। पैलेट गन के इस्तेमाल की खबर है। कुछ तस्वीरों-वीडियोज में घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान दिख रहे हैं। हालांकि, अभी तक पुलिस ने कन्फर्म नहीं किया है। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को CRPF और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। अमित शाह ने फ्री मूवमेंट का ऐलान किया था गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव बोले- सामान्य स्थिति बहाल होगी मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं। राजधानी इंफाल से चुराचांदपुर के बीच हेलिकॉप्टर सेवाएं 12 मार्च से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक आवागमन में बाधा डालने के किसी भी प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कर्नाटक में इजराइली टूरिस्ट, होमस्टे ओनर के साथ गैंगरेप

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कर्नाटक के प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस हम्पी में 27 साल की एक इजराइली महिला टूरिस्ट और एक होम-स्टे ओनर के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया। घटना 6 मार्च की रात करीब 10:30 बजे तुंगभद्रा नहर के किनारे की है। पीड़ित महिलाएं नहर के किनारे बैठी हुई थीं। महिलाओं के साथ 3 अन्य टूरिस्ट भी थे। इनमें से एक डेनियल अमेरिका से था, जबकि दो अन्य पंकज महाराष्ट्र से और बिबास ओडिशा से थे। आरोपियों ने गैंगरेप से पहले इन तीनों को नहर में धक्का दे दिया था। डेनियल और पंकज तैरकर बाहर आ गए, जबकि बिबास की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक की तलाश जारी है। बिबाश की लाश दो दिन बाद मिली पुलिस ने ओडिशा के बिबास को ढूंढने के लिए 7 मार्च की सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इसमें फायरब्रिगेड के अलावा पुलिस और खोजी कुत्तों को लगाया गया। हालांकि इसमें सफलता नहीं मिली। 8 मार्च यानी आज सुबह बिबास का शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर नहर के पावर हाउस के पास मिला। डिनर के बाद तारे देखने गए थे होमस्टे की मालकिन 29 साल की महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने 4 मेहमानों के साथ डिनर करने के बाद तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक नहर के किनारे म्यूजिक के साथ तारों को देखने गए थे। तभी 3 लोग बाइक पर आए। पहले उन्होंने पूछा कि पेट्रोल कहां मिलेगा।

इसके बाद वे इजराइली महिला से 100 रुपए मांगने लगे। जब टूरिस्ट ने पैसे देने से मना कर दिया, तो आरोपियों ने हमला कर दिया। इस दौरान तीनों टूरिस्ट बीच बचाव करने आए तो इन लोगों ने उन्हें नहर में धक्का दे दिया। इसके बाद उन्होंने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और वहां से फरार हो गए। घटना के बाद चारों ने पहले नदी में डूब चुके बिबाश को ढूंढा, इसके बाद वे अपने होमस्टे पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने FIR दर्ज कर पीड़ितों को मेडिकल टेस्ट के लिए भेज दिया।

## ट्रम्प बोले- भारत टैरिफ में कटौती पर सहमत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

> ♦ अब हमारे देश को लूटना बंद हुआ; दो दिन पहले भारत पर 100% टैरिफ की बात कही थी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात कहा, 'भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।' ट्रम्प ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा- हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। लेकिन अब यह बंद हो गया है। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे बंद करवाया था। अब हम इसे पूरी तरह से बंद करने जा रहे हैं, क्योंकि यह बहुत गलत है। अमेरिका को आर्थिक, वित्तीय और व्यापार की नजर से दुनिया के लगभग हर देश ने लूटा है। ट्रम्प के इस बयान पर भारत सरकार ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रम्प 2 अप्रैल से भारत समेत दुनियाभर के देशों पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं।

**2 अप्रैल से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाएंगे ट्रम्पः** ट्रम्प ने 5 मार्च को संसद के जॉइंट सेशन में रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया था। भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा था- 2 अप्रैल से अमेरिका में 'रेसिप्रोकल टैरिफ' लागू होगा।

## वीआईपी रोड चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन का 17वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न





**कोलकाता :** वीआईपी रोड चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने शनिवार, 8 मार्च 2025 को अपने 17वें वार्षिक सम्मेलन के तहत "युगान्तरणः द ऐरा ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कोलकाता के सिटी सेंटर 1 स्थित रॉयल बंगाल रूम में संपन्न हुआ। उद्घाटन सीए चरणजोत सिंह नंदा और मुख्य अतिथि सीए कृष्ण कुमार मस्करा ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम सोलर लिमिटेड के अध्यक्ष एवं सीईओ उपस्थित रहे। सेमिनार में विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हुईं, जिनमें प्रत्यक्ष कर की ज्वलंत समस्याओं पर सीए (डॉ.) गिरीश आहूजा ने वक्तव्य दिया। सीए आंचल कपूर ने अप्रत्यक्ष कर एवं जीएसटी विवाद के भूत, वर्तमान और भविष्य पर विचार रखे। महिला नेतृत्व और परिवर्तनशील युग में उनके दृष्टिकोण पर चर्चा सीए शशि अग्रवाल, डॉ. महुआ बनर्जी और सीए कविता अग्रवाल ने की। इसके अलावा, सीए नरसिम्हन एलनगोवन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यवहारिक उपयोग पर और श्री सिद्धार्थ सेदानी ने वैश्विक पूंजी बाजार में उतार-चढ़ाव पर अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम सभापति सीए राज सिंघानिया, वर्तमान अध्यक्ष सीए राहुल रुंगटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप कुमार सुरेका, सचिव सीए बिकास बथवाल, उपसचिव अमित कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए मयूर अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सेमिनार में 500 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

## अजमेर में पुलिस की मौजूदगी में मॉल-बाजारों में तोड़फोड़

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



> एडवोकेट की हत्या के विरोध में जयपुर रोड जाम किया, वकीलों की राजस्थान बंद की चेतावनी

पुलिस की मौजूदगी में अजमेर के सिटी स्क्वॉयर, मिराज मॉल और अन्य बाजारों में वकीलों ने जमकर तोड़फोड़ की। बंद के दौरान मुट्ठी भर पुलिस के जवान वकीलों को रोकने में असफल रहे। उधर, दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में वकील अजमेर कोर्ट के पास इकट्ठे हुए और जयपुर-अजमेर रोड को जाम कर दिया। जयपुर से अजमेर जाने वाले और अजमेर से जयपुर आने वाली रोडवेज बसों को श्रीनगर रोड की तरफ से डायवर्ट किया है, ऐसे में बसों को करीब 7 किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। अजमेर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक रावत ने कहा- राजस्थान की गूंगी बहरी सरकार सोई हुई है, जिसकी वजह से वकीलों को आज सड़कों पर संघर्ष करना पड़ा। अगर सरकार का यही रवैया रहा तो राजस्थान बंद किया जाएगा। हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम से भी पीछे नहीं हटेंगे। बंद के दौरान अजमेर रेलवे स्टेशन के सामने होटल और दुकान खुली देख वकील भड़क गए। उन्होंने दुकान-होटल की जाली पर डंडे मारे। दुकानों के सामान भी फेंक दिए। इस दौरान कुछ वकील गुस्साए साथियों को शांत कराते भी नजर आए। उधर, पुष्कर और नसीराबाद में भी बाजार पूरी तरह से बंद रहे।

**अतिआवश्यक सेवाओं को बंद से छूटः** पुष्कर में सीनियर एडवोकेट पुरुषोत्तम जाखेटिया की हत्या के विरोध में आज (शनिवार) अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद और ब्यावर बंद है। केवल मेडिकल स्टोर, स्कूल और पेट्रोल पंप को छूट रहेगी। बिजयनगर गैंगरेप-ब्लैकमेल कांड के विरोध में 1 मार्च को भी अजमेर शहर बंद रखा गया था। एक हफ्ते में यह दूसरा मौका है, जब बंद का ऐलान किया गया है। वकीलों ने अजमेर के पुष्कर रोड और सिने वर्ल्ड स्थित शराब ठेकों में भी हंगामा किया। एक ठेका संचालक और मौके पर शराब पी रहे युवक की पिटाई की। रामगंज चौराहे (अजमेर) से गुजर रहे टेम्पो को रुकवाया और सवारियों को नीचे उतरवाया गया। वकील ब्यावर रोड स्थित सब्जी मंडी पहुंचे। यहां भी दुकानें खुली थीं। गुस्साए वकीलों ने मंडी बंद कराई। एक वकील के हाथ में डंडा था। पुलिसकर्मियों के साथ इसको लेकर छीना-झपटी भी हुई। इससे आंदोलनकारी भड़क गए।

## राहुल बोले- गुजरात कांग्रेस के आधे नेता BJP से मिले

**एजेंसी, अहमदाबाद**



> ♦ हमारे बब्बर शेर चेन से बंधे, यहां पार्टी नाकाम यह कहने में शर्म नहीं

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं, जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे वे हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, दूर बैठते हैं और उनमें से आधे बीजेपी से मिले हुए हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है। राहुल दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महिला दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने महिला कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

### हिमाचल CM का जेपी नड्डा पर तंज

## बोले-BJP अध्यक्ष आंखों का डॉक्टर बताते हैं, रोशनी नहीं दे सकते

**एजेंसी, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर बड़ा हमला बोला। कांगड़ा के चंबी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जेपी नड्डा कहते हैं कि मैं ऐसा डॉक्टर हूं, आंखे तो ठीक कर सकता हूं, पर रोशनी नहीं दे सकता हूं। सुक्खू ने कहा, ये कैसे डॉक्टर हैं। अच्छा तो यह होता कि नड्डा ने पूर्व जयराम ठाकुर सरकार की आंखों को ठीक करते। उनको रोशनी देकर जाते और प्रदेश की संपदा को लुटने से बचा सकते थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले समय में हम एक एक पन्ना जनता की अदालत में लेकर जाएंगे और बताएंगे कि किस प्रकार जनता की संपदा, किसानों और महिलाओं के अधिकारों को पिछली सरकार ने लुटाकर रख दिया है। 1000 संस्थान तो खोल दिए। मगर टीचर नहीं रखे। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में 21वें पायदान पर पहुंच गया था। उनकी सरकार ने गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान दिया और देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार के प्रयासों से हिमाचल आत्मनिर्भर बना रहा है। आर्थिक संकट कम हो रहा है और हिमाचल जल्द देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में हम महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कई महिलाओं को एक साल में 18 हजार रुपए देने शुरू कर दिए गए है। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगला बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने वाला होगा।

## ट्रम्प के सामने भिड़ गए मस्क-रुबियो, इलॉन विदेश मंत्रालय में नौकरी में कटौती नहीं करने से नाराज

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ट्रम्प ने विदेश मंत्री का बचाव किया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी में DOGE चीफ इलॉन मस्क और विदेश मंत्री मार्क रुबियो के बीच गुरुवार को कैबिनेट मीटिंग में बहसबाजी हुई। यह दावा न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस मौके पर 20 से ज्यादा अफसर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच स्टाफ कटौती के मुद्दे पर बहस हुई। मस्क ने बैठक में विदेश मंत्री पर आरोप लगाया कि वे अपने विभाग में स्टाफ की संख्या में कटौती नहीं कर पाए हैं। इस पर रुबियो ने कहा कि मस्क झूठ बोल रहे हैं।

**ट्रम्प ने विदेश मंत्री का बचाव किया, कहा- वे अच्छा काम कर रहेः** रुबियो ने मस्क को झूठा ठहराते हुए कहा- 1,500 स्टेट डिपार्टमेंट कर्मचारियों ने समय से पहले रिटायरमेंट ले लिया है। क्या उन्हें छंटनी में नहीं गिना जाएगा? क्या मस्क ये चाहते हैं कि वे उन सभी स्टाफ को फिर से काम पर रखें, ताकि वे उन्हें फिर से नौकरी से निकालने का दिखावा कर सकें। विदेश मंत्री की इस दलील से मस्क को कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने रुबियो से कहा कि आप सिर्फ टीवी पर अच्छे लगते हैं। मस्क और रुबियो की बहस के दौरान शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रम्प अपनी कुर्सी पर हाथ जोड़कर बैठे रहे। जब दोनों के बीच बहस तेज हो गई तो ट्रम्प ने रुबियो का बचाव किया और कहा कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा- रुबियो के पास काम करने के लिए बहुत चीजें हैं। वे बहुत बिजी रहते हैं। हमेशा यात्राएं करते हैं और टीवी पर भी उन्हें समय देना होता है। इसलिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

**मस्क से नाराज चल रहे विदेश मंत्रीः** रिपोर्ट के मुताबिक रुबियो कई हफ्ते से मस्क से नाराज चल रहे हैं। दरअसल, मस्क की टीम ने एक एजेंसी यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट को बंद कर दिया है। यह एजेंसी रुबियो के जिम्मे थी। मस्क ने रुबियो को विश्वास में लिए बिना पूरी एजेंसी को बंद कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प टीम के कई और सदस्य भी मस्क से नाराज हैं। उनकी शिकायतों के बाद ही यह बैठक अचानक बुलाई गई थी। यह बैठक सिर्फ एक दिन पहले बुधवार शाम को तय हुई थी। इसमें ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट मौजूद नहीं थे। बेसेंट और मस्क के बीच पहले भी कई बार टकराव की खबरें आ चुकी हैं। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे मस्क के मिशन का समर्थन करते हैं, लेकिन अब से किसी भी विभाग के सचिव ही प्रभारी होंगे और मस्क की टीम बस सलाह देगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला

**एजेंसी, दुबई**

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसमें दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। भारतीय टीम ने इस बार सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड को लीग स्तर पर भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो कीवी टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे इसके पहले हुए तीन आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में जीत मिली है। दोनों टीमों का पिछले कुछ साल में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। न्यूजीलैंड की टीम में निरंतरता रही है। वहीं भारतीय टीम ने अपना दबदबा दिखते हुए साल 2011 से अब तक आईसीसी टूर्नामेंट में




सबसे ज्यादा मैच जीते हैं। भारतीय टीम इस एक दशक से अधिक समय में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। इससे साफ है कि , मैच जीतने के मामले में भारतीय टीम अपनी विरोधी से कहीं आगे है पर जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही हैं। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार टीम उपविजेता रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है।

वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस दौरान आठ बार नॉकआउट स्तर पर प्रवेश किया है। उसने चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार वह उपविजेता रही है। उसने साल 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े बेहतरीन हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में भारतीय टीम अब तक 12 मैचों के साथ शीर्ष पर है। वहीं न्यूजीलैंड ने इस अवधि में 8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि ट्रॉफी जीतने के मामले में पहले नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं। एकदिवसीय प्रारुप की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारी है और एक मैच टाई रहा है। यह आंकड़ा बाकी सभी टीमों से कही बेहतर है। साल 2019 एकदिवसीय विश्वकप में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने ही हराया था। इसलिए न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉकआउट में भारतीय टीम को सावधान रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनो ही टीमों के पास बेहतर बल्लेबाज और स्पिनर हैं, ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है1

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं :** भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड-** मिशेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विलियम ओरोर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी, काइल जेमिसन।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: फाइनल में दिखेगा गोल्डन बॉल की रेस रोमांचक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस महामुकाबले में दोनों टीमें ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मैच बेहद खास होने वाला है, जहां हर रन और हर विकेट की कीमत होगी। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही है, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी अपने दमदार प्रदर्शन के साथ फाइनल तक पहुंची है। इस खिताबी मुकाबले में जहां एक तरफ टीम इंडिया अपने मजबूत बल्लेबाजी क्रम के दम पर खिताब जीतने की कोशिश करेगी, वहीं न्यूजीलैंड अपनी घातक गेंदबाजी से भारतीय टीम को रोकने की रणनीति बनाएगा। इस मुकाबले में टीमों की जीत के साथ व्यक्तिगत उपलब्धियां भी दांव पर लगी होंगी। खासतौर पर गोल्डन बैट और गोल्डन बॉल अवॉर्ड की रेस में कुछ खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। गोल्डन बॉल अवॉर्ड उस गेंदबाज को दिया जाता है, जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट चटकाए हों।

इस समय न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी गोल्डन बॉल की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। उन्होंने अब तक चार मैचों में 10 विकेट झटके हैं। उनके बाद भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं, जिन्होंने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं। वहीं, भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने सिर्फ दो मैचों में सात विकेट लेकर सभी को चौंका दिया है। न्यूजीलैंड के कप्तान और ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर भी इस रेस में बने हुए हैं, जिन्होंने अब तक चार मैचों में सात विकेट अपने नाम किए हैं।

## वेन मैडसेन फिर बने डर्बीशायर के कप्तान, काउंटी चैम्पियनशिप में संभालेंगे टीम की कमान

**एजेंसी, डर्बीशायर**

इंग्लिश काउंटी क्लब डर्बीशायर ने अनुभवी बल्लेबाज वेन मैडसेन को दोबारा अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह इस समर काउंटी चैम्पियनशिप में टीम की अगुवाई करेंगे। 41 वर्षीय मैडसेन ने यह भूमिका सीजन की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले स्वीकार की, डेविड लॉयड के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले, मैडसेन 2012 से 2016 तक डर्बीशायर के कप्तान रह चुके हैं और अपनी कप्तानी के पहले ही सीजन में टीम को डिविजन टू से प्रमोशन दिलाया था। डर्बीशायर के हेड कोच मिकी आर्थर ने मैडसेन को कप्तानी सौंपने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा,"वेन हमेशा से बेहतरीन लीडर रहे हैं और वह ड्रेसिंग रूम में काफी लोकप्रिय भी हैं। मैं बेहद खुश हूं कि वह 2025 में हमारी टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी अनुभवशीलता अनमोल है—उन्होंने पहले भी कप्तान के तौर पर प्रमोशन हासिल किया है और मुझे उनके नेतृत्व में टीम के प्रदर्शन को देखने की उम्मीद है।" आर्थर ने यह भी कहा कि मैडसेन मैदान पर अपनी मेहनत और पेशेवर रवैये से उदाहरण पेश करते हैं। डर्बीशायर के लिए 2024 का सीजन निराशाजनक रहा था, जहां टीम डिविजन टू में सबसे निचले स्थान पर रही। हालांकि, व्यक्तिगत तौर पर मैडसेन ने शानदार प्रदर्शन किया और 1005 रन (औसत 50.25) बनाकर टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। यह 12 सीजन में सातवीं बार था जब उन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए। वह अब तक डर्बीशायर के लिए 14,601 फर्स्ट-क्लास रन बना चुके हैं, जिससे वह क्लब के टॉप 10 रन-स्कोरर्स की सूची में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तानी मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मैडसेन ने कहा, "डर्बीशायर की कप्तानी दोबारा संभालना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं जानता हूं कि इस शानदार काउंटी और उसके समर्थकों का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है, और टीम का नेतृत्व करने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।"



## अरविंद चितांबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता

**एजेंसी, प्राग**

भारत की शतरंज में बादशाहत जारी रखते हुए ग्रैंडमास्टर अरविंद चितांबरम ने अपने करियर का पहला बड़ा खिताब जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु के 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्की के गुरेल एदिज के खिलाफ ड्रॉ खेलते हुए कुल छह अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। विश्व नंबर 8 आर प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट में पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें अंतिम दौर में डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी वेई



यी और गिरि भी प्रज्ञानानंदा के साथ पांच अंकों पर रहे। अंतिम दौर में अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए कैरो-कान डिफेंस का उपयोग किया। उनके प्रतिद्वंदी गुरेल एदिज ने किंग्स पॉन ओपनिंग का एडवांस वेरिएशन चुना। हालांकि, जल्द ही उन्हें एक मोहरा गंवाना पड़ा और खेल जटिल हो गया। अरविंद ने संयम बनाए रखा और स्थिति को नियंत्रण में रखा। कई चालों की पुनरावृत्ति के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रा पर सहमति जताई। अरविंद चितांबरम ने जीत के बाद अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "मैंने पिछले दो दिनों से अच्छी नींद नहीं ली थी। सातवें दौर तक मैं पूरी तरह ठीक था, लेकिन बढ़त मिलने के बाद दबाव महसूस हुआ।" उन्होंने अपने कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश को धन्यवाद दिया और इस टूर्नामेंट में अनीश गिरि के खिलाफ अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ करार दिया। दूसरी ओर, प्रज्ञानानंदा ने अनीश गिरि के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। उन्होंने किंग्स इंडियन डिफेंस अपनाया, लेकिन गिरि ने शानदार रणनीति के साथ एक महत्वपूर्ण मौके पर रुक के बदले लघु मोहरा लेकर खेल को अपने पक्ष में मोड़ लिया और जीत दर्ज की। अंतिम दौर के अन्य मुकाबलों में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और अमेरिका के सैम शैंकलैंड के बीच बाजी ड्रॉ रही। वहीं, जर्मनी के विंसेंट केमर के खिलाफ चेक खिलाड़ी गुयेन थाई दाई वान जीत के करीब पहुंचकर भी मुकाबला ड्रॉ खेलने को मजबूर हुए।

## भारत में पहली शूटिंग लीग 24 नवंबर से

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने भारत में आयोजित होने वाली पहली शूटिंग लीग (शूटिंग लीग ऑफ इंडिया- एसएलआई) के लिए 24 नवंबर से 7 दिसंबर तक की तारीखें आवंटित कर दी हैं। इस लीग को आईएसएसएफ की आधिकारिक मान्यता मिलने से इसे वैश्विक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली प्रतियोगिता का दर्जा प्राप्त होगा। राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि इस लीग में दुनिया के शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, क्योंकि भारत का इस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रोफाइल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कई स्तरों पर काम जारी है और आईएसएसएफ द्वारा तारीखों का




आवंटन हमें इसे विश्व स्तरीय इवेंट बनाने के लिए और अधिक प्रेरित करता है।" एनआरएआई ने पहले ही घोषणा की थी कि एलेना नॉर्मन को इस लीग का सलाहकार नियुक्त किया गया है और न्यू होराइजन्स अलायंस प्राइवेट लिमिटेड को व्यावसायिक और मार्केटिंग एजेंसी के रूप में शामिल किया गया है। भारत में इस लीग के आयोजन से निशानेबाजी खेल को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है।

## सीबीए के स्टार गार्ड सुन मिंगहुई पैर की चोट के कारण नियमित सत्र के शेष भाग से बाहर

**एजेंसी, हांगझोउ**

झेजियांग लायंस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनके स्टार गार्ड सुन मिंगहुई दाहिने एड़ी की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण चीनी बास्केटबॉल संघ (सीबीए) के शेष नियमित सत्र से बाहर हो गए हैं।

28 वर्षीय सुन मिंगहुई को 5 मार्च को शान्शी लूंग्स के खिलाफ 98-100 की करीबी हार के दौरान चोट लगी। एक रिबाउंड प्रयास के दौरान उनका दायां पैर बाहरी ओर मुड़ गया। मेडिकल जांच में कैल्केनियस फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें कम से कम चार सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है। झेजियांग लायंस वर्तमान में 31-5 के रिकॉर्ड के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर हैं, लेकिन अपने मुख्य खिलाड़ी के बिना उन्हें इस स्थिति को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ेगा। इस सत्र में सुन मिंगहुई ने औसतन 14.8 अंक, 2.9 रिबाउंड और 9.5 असिस्ट प्रति मैच का प्रदर्शन किया है।



# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी के लिए अब करो या मरो की स्थिति, प्लेऑफ के लिए जीतने होंगे बचे दोनों मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। पहले मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ रिकॉर्ड 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की, फिर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ विकेट से हराया। लेकिन घरेलू मैदान पर खेले गए चारों मुकाबले गंवाने के बाद अब टीम प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर है। आरसीबी के अभी छह मैचों में सिर्फ चार अंक हैं और टीम अपने बचे हुए दो मुकाबले यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीतकर अधिकतम आठ अंकों तक ही पहुंच सकती है। दूसरी ओर, जायंट्स और मुंबई पहले ही आठ अंकों पर हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स (10 अंकों के साथ) प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। हालांकि आरसीबी के लिए राह मुश्किल जरूर है, लेकिन उनकी किस्मत अब भी उनके हाथों में है। वहीं, यूपी वॉरियर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें शनिवार को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर टिकी हैं। हारने की स्थिति में उनकी दौड़ वहीं खत्म हो जाएगी। लेकिन जीत दर्ज करने पर आरसीबी को मुंबई इंडियंस और जायंट्स के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर नजर रखनी होगी, ताकि उन्हें यह पता चल सके कि प्लेऑफ में जाने के लिए उन्हें किस टीम से नेट रन रेट में आगे निकलना होगा।




फिलहाल, जायंट्स का नेट रन रेट मुंबई से बेहतर है, लेकिन आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि उनका आखिरी मुकाबला मुंबई से ही होगा। आरसीबी इस समय मुंबई के नेट रन रेट से लगभग 60 रन पीछे है, लेकिन अगर वे यूपी वॉरियर्स को 10 रन से हरा दें और जायंट्स मुंबई को भी 10 रन से हरा दें, तो आरसीबी को प्लेऑफ में जाने के लिए मुंबई के खिलाफ केवल 20 रन की जीत चाहिए होगी। दूसरी ओर, जायंट्स से आगे निकलने के लिए आरसीबी को यूपी और मुंबई के खिलाफ कुल मिलाकर लगभग 62 रन के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी, बशर्ते जायंट्स मुंबई से केवल 10 रन से हारे। दिल्ली कैपिटल्स लीग चरण का अंत टॉप पर रहते हुए कर चुकी है, लेकिन उनकी सीधी फाइनल एंट्री तय नहीं हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि मुंबई और जायंट्स दोनों ही अंक तालिका में उनसे आगे निकल सकते हैं। मुंबई दोनों मैच जीतकर पहले स्थान पर पहुंच सकती है, जबकि जायंट्स अगर मुंबई को बड़े अंतर से हरा देती है तो वे भी टॉप पर पहुंच सकते हैं। जायंट्स को मुंबई के खिलाफ 17 रन या 12 गेंद शेष रहते (अगर पहली पारी का स्कोर 180 हो) जीत दर्ज करनी होगी, जिससे वे दिल्ली के NRR से आगे निकल सकें। वहीं, मुंबई इस समय दिल्ली से लगभग 30 रन पीछे है, यानी अगर वे एक मैच 10 रन से हार जाते हैं, तो उन्हें दूसरा मैच करीब 40 रन से जीतना होगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या आरसीबी अंतिम मौके का फायदा उठाकर प्लेऑफ में जगह बना पाती है या नहीं।



# केंद्रीय विद्यालय में कैसे बनते हैं टीचर?

**अगर आप भी केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने की सोच रहे हैं और आपको नहीं पता है कि केंद्रीय विद्यालय में टीचर कैसे बनते हैं तो आपको हम यहां पर बता रहे हैं कि कैसे केंद्रीय विद्यालय में टीचर बना जा सकता है।**

बहुत से युवाओं का सपना होता है कि वे टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाएं। अगर आप भी टीचर बनना चाहते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं तो केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनकर आप अपना यह सपना पूरा कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय में समय-समय पर टीचर के पद की वैकेंसी निकलती रहती हैं। केंद्रीय विद्यालय की वैकेंसी निकलते ही आपको अप्लाई करना होगा। अप्लाई करने के बाद रिटेन परीक्षा में उत्तीर्ण होकर इंटरव्यू क्लियर करना होगा। इंटरव्यू और मेडिकल के बाद आपको जॉइनिंग लेटर मिलेगा।

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% मार्क्स के साथ ग्रेजुएट होना जरुरी है। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों का ज्ञान होना चाहिए। कैंडिडेट की मैक्सिमम उम्र 35 वर्ष होना चाहिए। इसके अलावा कैंडिडेट्स को बैचलर ऑफ़ एजुकेशन कोर्स किया होना चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी को सीटेट की परीक्षा भी पास किए होना चाहिए।

### क्या बीएड?

यह एक ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम है, जो आम तौर पर तीन से चार साल तक चलता है। इसमें छात्रों को स्कूलों में टीचर के रूप में काम करने के लिए ट्रेन किया जाता है। क्वश्वस्त्र में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को ग्रेजुएट डिग्री कम से कम 50 परसेंट मार्क्स और कुछ सब्जेक्ट्स में 55 परसेंट मार्क्स के साथ पास करना ज़रूरी है।

### सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट एग्जाम

केवी का टीचर बनने के लिए छात्र का CTET एग्जाम पास करना जरुरी है। CTET एक परीक्षा होती है, जिसे पास करने के बाद आप केंद्र और राज्य स्तर के विद्यालयों में शिक्षक पद के लिए अप्लाई कर सकते हैं। CTET का आयोजन साल में दो बार होता है। इसमें दो पेपर होते हैं। पहला पेपर प्राइमरी एजुकेशन यानी 5वीं तक पढ़ाने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है। दूसरा पेपर सीनियर क्लासेज में पढ़ाने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है।



# बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर?

**टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट्स के साथ इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों की मांग बढ़ रही है लेकिन बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर है और क्या अंतर है?**

अगर आप इंजीनियरिंग कोर्स को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो हम आपकी उलझन थोड़ी दूर कर देते हैं। ये आर्टिकल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बारे में है। जान लें- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में क्या अंतर है? दोनों में कौन सी ब्रांच बेहतर है?

### इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्या है?

यह मुख्य रूप से उन उपकरणों, डिवाइस और सिस्टम स्टडी, डिजाइन एंड एप्लिकेशन से संबंधित है, जो बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत चुंबकत्व का उपयोग करते हैं। यह उन्हें इलेक्ट्रिकल उपकरण डिजाइन करने में मदद करता है, जैसे कि इलेक्ट्रिक मोटर, रडार और नेविगेशन सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, बिजली उत्पादन उपकरण, ऑटोमोबाइल और विमान। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों के पास नौकरी के बहुत से विकल्प हैं और उन्हें कई क्षेत्रों में काम मिल सकता है। वे कंट्रोल इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, टेस्ट इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, टेली कम्युनिक्शन इंजीनियरिंग, डिजाइन इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग, एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, रीन्युएबल एनर्जी सेक्टर, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स में काम कर सकते हैं। भारत में एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ग्रेजुएट की शुरुआती सैलरी औसत 4.5 लाख रुपये प्रति वर्ष है। यह इस बात पर निर्भर कर सकता है कि वे कहां काम करते हैं, उनके पास कितना अनुभव है, और वे किस उद्योग में हैं। शुरुआती वेतन अक्सर अच्छा होता है और अधिक अनुभव के साथ वे अधिक कमाते हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग क्या है?

ये एक विविध इंजीनियरिंग क्षेत्र है जो इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार नेटवर्क को डिजाइन करने, विकसित करने और लागू करने पर केंद्रित है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ग्राहक और परियोजना आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, समाधान खोजते हैं, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और सिस्टम डिजाइन करते हैं, फर्मवेयर और एम्बेडेड सॉफ्टवेयर विकसित करते हैं, प्रोटोटाइप का परीक्षण करते हैं, और निर्माण की देखरेख करते हैं। वे अगली पीढ़ी के गैजेट और बुनियादी ढांचे का आविष्कार करने के लिए अत्याधिक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और संचार तकनीकों को एकीकृत करने का काम करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एक बहुत ही बहुमुखी क्षेत्र है। ईसीई इंजीनियरों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार बुनियादी ढांचे को विकसित करने वाले उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में रोजगार मिलता है। कुछ शीर्ष क्षेत्र हैं दूरसंचार, एयरोस्पेस, डिफेंस, मोटर व्हीकल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली व्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग। भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियर के लिए औसत शुरुआती वेतन 4 लाख प्रति वर्ष है। EE की तरह, वेतन स्थान, अनुभव के वर्षों, कौशल और नियोक्ता के आधार पर अलग-अलग होता है।





### EE और ECE में कौन सी इंजीनियरिंग ब्रांच बेहतर है?

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE) और इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ECE) दोनों शाखाएं समान रूप से अच्छी हैं। लेकिन, यह सब व्यक्ति की रुचि के क्षेत्र पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि छात्र को भविष्य के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। एक बार जब वह इसके बारे में सुनिश्चित हो जाता है, तो वह अपनी पसंद की स्ट्रीम चुन सकता है।



# जल प्रबंधन की फील्ड में बनाएं शानदार करियर

**अगर आप लीक से हटकर करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए यह आर्टिकल जरूरी साबित हो सकता है। क्योंकि हम यहां पर आपको पानी से जुड़ी करियर के बारे में बता रहे हैं। आप भी एक वॉटर डिप्लोमैट के रूप में बढ़िया करियर बना सकते हैं। अगर आप इस फील्ड में करियर बनाते हैं तो आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी।**

पानी की कमी और खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं आज पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। ये समस्याएं एक राज्य या फिर एक देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक हैं। ऐसे में जल प्रबंधन के मुद्दों को सुलझाने के लिए वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट विशेषज्ञों की ज़रूरत है। दुनिया भर में कई देश अपने जल संसाधनों का प्रबंधन टिकाऊ तरीके से करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर आप भी इस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो आपके भविष्य उज्जवल हो सकता है। क्योंकि इस फील्ड में अच्छी नौकरी के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। ऐसे में आइए हम आपको बताते हैं कि इस फील्ड में करियर बनाकर आप कितनी सैलरी पा सकते हैं। वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट में वेतन अच्छा होता है। हालांकि, यह कई बातों जैसे - अनुभव, शिक्षा, कार्यक्षेत्र और जिस संस्था में आप काम करते हैं, उस पर निर्भर करता है।

### शुरुआती पद

शोध सहायक या जूनियर नीति विश्लेषक जैसे शुरुआती पदों पर सालाना वेतन 40,000 से 60,000 अमेरिकी डॉलर के बीच हो सकता है।

### अनुभवी पेशेवर

अनुभवी पेशेवरों के लिए जिनके पास कई सालों का अनुभव और विशेष कौशल है। उन्हें वेतन 60,000 से 1,00,000 अमेरिकी डॉलर या उससे भी ज्यादा मिल सकता है।

### वरिष्ठ पद

निदेशक या वरिष्ठ नीति सलाहकार जैसे वरिष्ठ पदों पर सालाना वेतन 1,00,000 से 1,50,000 अमेरिकी डॉलर के बीच होता है। सबसे ज्यादा वेतन अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, सरकारी एजेंसियों या परामर्श फर्मों में मिलता है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास मास्टर्स या पीएच.डी. जैसी उच्च शिक्षा है, उनके उच्च वेतन पाने और कैरियर में तेजी से तरक्की करने की संभावना अधिक होती है।

### जल प्रबंधन में प्रमाणन कार्यक्रम

इसी दिशा में काम करते हुए जल प्रबंधन संस्थान भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए प्रमाणित जल लेखाकार /विशेषज्ञ बनने के लिए एक प्रमाणन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई तरह के कोर्सेज पर ट्रेनिंग दिया जाएगा।





# रूस की यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई के लिए उपलब्ध हैं ये स्कॉलरशिप्स

**भारतीय छात्रों के लिए रूस में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप के कई अवसर मौजूद हैं इसकी जानकारी हम आपको यहां दे रहे हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है।**

रूस में अधिकतर विश्वविद्यालय सरकारी सहायता प्राप्त स्कॉलरशिप देती हैं और एकसमान आवेदन प्रक्रिया अपनाती हैं। कोई भी विदेशी छात्र रूस में यूनिफॉर्म स्टेट एग्जामिनेशन या एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद स्कॉलरशिप के लिए उसी तरह आवेदन कर सकते हैं जिस तरह रूसी छात्र करते हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है। 2022 में 15 हजार इस तरह की सीट्स दी गई थीं।

### स्कॉलरशिप अमाउंट

सरकार से प्राप्त होने वाली स्कॉलरशिप में पूरे कोर्स की ट्यूशन फीस, मेंटनेंस अलाउंस और डोरमेटरी अलाउंस शामिल होता है। जो छात्र इन स्कॉलरशिप को प्राप्त करना चाहते हैं वो भारत में ऑथराइस्ड व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं और वहां उपलब्ध स्कॉलरशिप और कोर्स के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। पढ़ाई के लिए छात्र एक बार में 6 यूनिवर्सिटिज को चुन सकता है। लेकिन एक फेडरल क्षेत्र में 3 से ज्यादा नहीं चुन सकते जबकि मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में दो से ज्यादा नहीं चुन सकते हैं। अपनी पसंद के अनुसार अपनी चॉइस भरें और इसके बाद अन्य को भरें और चयन प्रक्रिया में बुलावे का इंतजार करें। देश के आधार पर ऑपरेटर इंटरव्यू, टेस्ट और परीक्षा का शेड्यूल जारी कर सकते हैं इसकी जानकारी उनकी वेबसाइट या आपको ईमेल के जरिए मिल सकती है। जिन छात्रों को डिग्री के स्तर पर रूसी भाषा की जानकारी नहीं है उन्हें प्री पेरेटरी डिपार्टमेंट में एनरोल किया जाता है। उन्हें सामान्य शिक्षा के साथ एक साथ रूसी भाषा की पढ़ाई भी करनी पड़ती है।

- अगर आप कैंडिडेट्स की सूची में शामिल हो गए हैं तो अपने पास अतिरिक्त डॉक्यूमेंट्स तैयार रखें
- एमबीबीएस डॉक्टर का सर्टिफिकेट तैयार करवाना होगा जिसमें बताया गया होगा कि ऐसा कोई मेडिकल कारण नहीं जिसकी वजह से आपको रूसी यूनिवर्सिटिज में न चुना जाए। इसमें एचआईवी टेस्ट भी करवाना होगा।
- डॉक्यूमेंट्स की कॉपी (रूसी भाषा में ट्रांसलेटिड), ऑनलाइन इन्हे सबमिट करें और हार्ड कॉपी ऑपरेटर के पास जमा करें।
- अब यूनिवर्सिटी में अपने कन्फर्मेशन का इंतजार करें।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, रविवार, 09 मार्च, 2025





## अभिषेक बच्चन ने आई वांट टू टॉक को बताया स्पेशल, क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स में नामांकन पर जताई खुशी

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने आई वांट टू टॉक में निभाए किरदार को खास बताया है। उनके मुताबिक ये एक अविश्वसनीय यात्रा थी। बच्चन को क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स के 7वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिषेक ने कहा, फिल्म क्रिटिक्स गिल्ड द्वारा आई वांट टू टॉक के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए नामांकित होना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। यह फिल्म एक अविश्वसनीय रूप से खास यात्रा रही है, और आलोचकों के ऐसे सम्मानित पैनल द्वारा मेरे प्रदर्शन को मान्यता मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस मान्यता के लिए मैं फिल्म क्रिटिक्स गिल्ड का आभार व्यक्त करता हूं। आई वांट टू टॉक एक ड्रामा फिल्म है, जिसे शूजित सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में हैं और यह अर्जुन सेन की सच्ची कहानी पर आधारित है। कैंसर सर्वाइवर अर्जुन कैसे अपनी सेहत और बेटी के साथ उलझते रिश्तों को संभालने की जद्दोजहद में जुटे हैं, इस पर फिल्म केंद्रित है। विषय गहरे मानवीय और भावनात्मक संघर्षों को उजागर करता है। कोंकणा सेन शर्मा को भी क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स के लिए नामांकन मिला है। कोंकणा को किलर सूप के लिए नॉमिनेट किया गया है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा, ये हमेशा सम्मान की बात होती है। चूंकि ये अभिषेक चौबे की किलर सूप के लिए है, इसलिए और भी खास है। किलर सूप एक ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है, जो अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित है। इस सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में हैं और यह 2017 में तेलंगाना में हुई एक घटना पर आधारित है। इस वर्ष क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स में एक नई श्रेणी डॉक्युमेंट्री की शुरुआत की गई है। इस श्रेणी का उद्देश्य भारत की सभी भाषाओं और प्लेटफार्म्स में उत्कृष्टता को मान्यता देना है। इस नई श्रेणी के साथ, पुरस्कार भारत के समृद्ध सांस्कृतिक और रचनात्मक परिदृश्य को उजागर करने वाली आवाजों के लिए एक केंद्रीय मंच प्रदान करेंगे। पुरस्कार का उद्देश्य लघु फिल्मों, वेब सीरीज, वृत्तचित्रों और फीचर फिल्मों की उत्कृष्ट कहानियों का सम्मान करना है। फिल्म क्रिटिक्स गिल्ड की अध्यक्ष अनुपमा चोपड़ा ने इस वर्ष के नामांकन पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, हम 7वें क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स 2025 में डॉक्युमेंट्री को जगह दिए जाने को लेकर उत्साहित हैं। यह अक्सर अनदेखा किया जाने वाला लेकिन भारतीय सिनेमा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा लक्ष्य इस बढ़ते उद्योग पर प्रकाश डालना और विभिन्न प्रारूपों में उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना है।



# विजय से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच तमन्ना ने बताई प्यार की परिभाषा

**हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के ब्रेकअप की खबरें आईं। हालांकि दोनों में से किसी ने भी इस इस अफवाह पर कुछ नहीं कहा है। ऐसे तमन्ना भाटिया ने प्यार पर अपनी राय रखी है। तमन्ना भाटिया ने ल्यूक कौटिनहो से बातचीत में बताया है कि उनके मुताबिक प्यार की परिभाषा क्या है।**

बातचीत में तमन्ना भाटिया से पूछा गया कि वह प्यार के बारे में क्या सोचती हैं? उन्होंने इस पर जवाब देते हुए कहा कि प्यार बिना शर्त होना चाहिए, चाहे वह मां-बाप से, पार्टनर से या फिर पालतू जानवर से हो। अगर आप पार्टनर से उम्मीद करना शुरू कर देते हैं तो रिश्ते कारोबार में बदल जाते हैं।

### तमन्ना के मुताबिक कैसा होना चाहिए पार्टनर

तमन्ना भाटिया ने कहा मुझे लगता है कि लोग प्यार और रिश्ते को लेकर भ्रम में हैं। जैसे ही प्यार में शर्त आ जाती है तो यह प्यार नहीं रहता। प्यार बिना शर्त होना चाहिए। यह एकतरफा होना चाहिए। यह एक जिम्मेदारी है कि आप दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। जैसे ही आप उम्मीद लगाते हैं और अगर ये सोचते हैं कि वह भी वैसा ही करे जैसा हम करते हैं तो यह एक कारोबार में बदल जाता है। मैंने महसूस किया कि अगर मैं किसी से प्यार करती हूं तो उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए, जैसे वो हैं उन्हें वैसे ही रहने देना चाहिए।

### विजय-तमन्ना ने एक दूसरे की तारीफ की

आपको बता दें कि विजय और तमन्ना दोनों लंबे वक्त से एक कई मौकों पर एक दूसरे के साथ देखे गए। विजय ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बताया मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात से सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की क्या जरूरत है। तमन्ना भाटिया ने सबके सामने विजय को अपना हैप्पी प्लेस बताया। उनके मुताबिक विजय ने उन्हें कभी एटिट्यूड के साथ अप्रोच नहीं किया बल्कि बहुत प्यार से उनसे जुड़े।

# किआरा आडवाणी ने छोड़ी यह फिल्म! नई एक्ट्रेस खोजने निकले मेकर्स

किआरा आडवाणी की जिंदगी इस समय खुशियों से भरी हुई है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर मीडिया और फैंस के साथ साझा की।



वह इन दिनों फिल्मों 'टॉक्सिक' और 'वॉर 2' की शूटिंग भी कर रही हैं। लेकिन किआरा एक बड़ी फ्रैंचाइजी फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। वह इस फिल्म से खुद को अलग कर चुकी हैं।

फिल्म 'डॉन 3' से किआरा आडवाणी ने खुद को अलग कर लिया है। इस फिल्म को फरहान अख्तर बना रहे हैं। फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। इंडस्ट्री से जुड़े सोर्स का कहना है कि किआरा आडवाणी अपनी प्रेग्नेंसी पर फोकस करना चाहती हैं। पति और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इन दिनों किआरा का काफी ध्यान रख रहे हैं।

### मेकर्स को अब नई हीरोइन की तलाश

किआरा आडवाणी ने फिल्म 'डॉन 3' को छोड़ दिया है तो इसके मेकर्स अब नई हीरोइन की तलाश में लग चुके हैं। किआरा की जगह किस हीरोइन को फिल्म में रणवीर सिंह के अपोजिट लिया जाएगा, यह कुछ दिनों में पता चल जाएगा। इस फिल्म में विक्रांत मैसी भी एक अहम रोल निभा रहे हैं।

डॉन सीरीज की मूवीज रहीं हिट

'डॉन' सीरीज की फिल्में दर्शकों को काफी पसंद हैं। डॉन सीरीज की फिल्मों की बात की जाए तो पहले दो हिस्सों में शाहरुख खान ने डॉन का रोल निभाया था। अब 'डॉन 3' में रणवीर सिंह डॉन के किरदार में नजर आएंगे। वैसे रणवीर सिंह इस वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हुए थे कि वे शाहरुख की तरह डॉन के किरदार को शायद ही निभा पाएं।

## नयनतारा की नई फिल्म मुकुथी अम्मान 2 घोषित, पैन इंडिया तौर पर होगा प्रदर्शन

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' (तमिल में 'मुकुथी अम्मान 2') के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। सुंदर सी ने इस मूवी के बारे में बात करते हुए कहा-महाशक्ति पहले से बड़े एक्शन, गहरी कहानी और शानदार विजुअल्स के साथ नए स्तर पर जाएगी। ये हर दर्शक के दिल को छूने वाली फिल्म होगी। हालांकि तमिल में इस फिल्म का नाम मुकुथी अम्मान 2 रखा गया है, लेकिन ये इसका सीक्वल नहीं है। 'महाशक्ति' एक नई फिल्म फ्रेंचाइजी की शुरुआत करेगी, जो भारतीय सिनेमा के स्तर को ऊंचा उठाने वाली साबित होगी। फिल्म को 100 करोड़ के बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है, जिससे यह एक भव्य सिनेमा अनुभव बनने वाली है। इस फिल्म में दुनिया विजय मुख्य विलेन के रूप में नजर आएंगे, जो अच्छाई और बुराई के बीच एक जबरदस्त टकराव को दर्शाने वाला होगा।

फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी। इसके लिए उन्होंने 1 महीने का उपवास भी रखा है। उनके अलावा फिल्म में रेजिना कैसेंड्रा, योगी बाबू, वरिष्ठ अभिनेत्री उर्वशी, गरुड़ा राम और अजय घोष भी अहम भूमिकाओं में हैं।






## सैफ अली खान के बेटे की ओटीटी डेब्यू फिल्म 'नादानियां' हुई रिलीज

हिंदी फिल्मों की दुनिया में एक और स्टार किड की एंट्री हो चुकी है। सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान, श्रीदेवी की बेटी के साथ फिल्म 'नादानियां' में नजर आ रहे हैं। इब्राहिम और खुशी की इस फिल्म के बारे में जानिए, कुछ खास बातें।

### ओटीटी पर हुआ इब्राहिम का डेब्यू

पिछले कुछ समय से स्टार किड्स ओटीटी प्लेटफॉर्म के जरिए एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के बाद अब सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'नादानियां' में वह खुशी कपूर के अपोजिट हैं। खुशी पहले ही एक ओटीटी फिल्म 'आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में उनकी थिएटर रिलीज फिल्म 'लवयापा' भी रिलीज हुई। लेकिन इब्राहिम के लिए यह पहला मौका है, अपने एक्टिंग टैलेंट को दिखाने का। उनकी यह फिल्म यंग ऑडियंस को पसंद आती है या नहीं, यह तो वक्त ही बताएगा।

### 'कुछ कुछ होता है' की पॉपुलैरिटी का इस्तेमाल

फिल्म 'नादानियां' के टीचर में फिल्म 'कुछ कुछ होता है' के एक पॉपुलर डायलॉग, सीन को नए जमाने के हिसाब से इस्तेमाल किया गया। शाहरुख खान ने अपनी फिल्म में 'प्यार दोस्ती है' जैसा हिट डायलॉग बोला था। इसी डायलॉग को इब्राहिम अली खान ने फिल्म 'नादानियां' में अलग ढंग से कहा- 'प्यार एक अरेंजमेंट है, दो दिलों के बीच।' लेकिन यह डायलॉग दर्शकों को पसंद नहीं आया। उन्हें लगा कि शाहरुख का चार्म पर्दे पर दिखाना किसी के बस की बात नहीं है। इस बारे में कई सोशल मीडिया यूजर्स रिएक्ट कर चुके हैं।

### रेंटल बॉयफ्रेंड के कॉन्सेप्ट पर बनी कई फिल्में

फिल्म 'नादानियां' की कहानी में रेंटल बॉयफ्रेंड का कॉन्सेप्ट है। यही फिल्म को हटकर बनाता है। लेकिन यह कोई नया आइडिया नहीं है। कई कोरियन ड्रामा फिल्म, टीवी शो में रेंटल बॉयफ्रेंड वाली कहानियां दिखाई जा चुकी हैं। बस 'नादानियां' में रेंटल बॉयफ्रेंड के आइडिया में बॉलीवुड मसाला शामिल किया गया है। रोमांस, ड्रामा दर्शकों के लिए भरपूर मात्रा में है।




# जियो पॉलिटिक्स में रुचि के कारण द डिप्लोमैट से जुड़े थे जॉन अब्राहम

**जॉन अब्राहम जल्द ही फिल्म द डिप्लोमैट में नजर आएंगे। इसमें वह डिप्लोमैट जितेंद्र पाल सिंह का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जेपी सिंह के पाकिस्तान कार्यकाल को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन शिवम नायर ने किया है। यह 14 मार्च को रिलीज होगी।**

### स्क्रिप्ट पढ़ते ही मैंने सीधे प्रोड्यूसर को कॉल किया...

जॉन ने कहा कि मुझे फिल्म की कहानी के बारे में कुछ नहीं पता था। जब स्क्रिप्ट पर द डिप्लोमैट लिखा देखा तो फौरन इसे करने का मन बना लिया। मैं जियो-पॉलिटिक्स में भी रुचि रखता हूं। स्क्रिप्ट पढ़कर इतना एक्साइटेड था कि सीधे प्रोड्यूसर को कॉल किया था।

### मैं और जेपी सिंह दोनों ही आगे की सोच रखते हैं...

जॉन ने आगे कहा कि... मैं और जेपी सिंह दोनों ही आगे की सोच रखते हैं। उन्हें शतरंज खेलना पसंद है। डिप्लोमैट हर चीज को स्टडी करते हैं। किरदार में ढलने के लिए मैंने तीन हफ्ते का वर्कशॉप किया। लुक टेस्ट भी किया ताकि जेपी सिंह की तरह दिखें।

### जेपी सिंह की बॉडी लैंग्वेज को स्टडी किया

जॉन ने बताया कि मैंने जेपी सिंह की बॉडी लैंग्वेज को स्टडी किया। उनके खड़े होने के अंदाज पर भी काम किया। असल जिंदगी में मेरी बॉडी लैंग्वेज अलग है लेकिन फिल्म में किरदार के प्रति ईमानदार रहना जरूरी था। मेरी इमेज एक्शन हीरो की रही है लेकिन मद्रास कैफे, बाटला हाउस, परमाणु और अब द डिप्लोमैट जैसी फिल्मों को भी दर्शक पसंद करेंगे। मुझे लगता है कि यह ऑडियंस को सरप्राइज करेगी।

### सच्ची घटना पर है फिल्म

निर्देशक शिवम नायर ने भी कहा कि फिल्म सच्ची घटना पर है। मैंने और लेखक रितेश शाह ने जेपी सिंह से कई बार मुलाकात की थी। इसकी स्क्रिप्ट शार्प और एडिक्टिव बनाई गई है। फिर जब जॉन को स्क्रिप्ट दी गई तो उन्होंने पढ़ते ही इसे करने के लिए हां कह दिया था।

## अभिनेत्री मलाइका ने रील के बहाने किसे दिया क्रिप्टिक संदेश?

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के रिश्तों को लेकर काफी चर्चाएं होती रहती हैं। अब एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हो चुका है। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि वह सबके द्वारा पसंद की जाएं इसलिए यहां नहीं हैं, बल्कि वह अपनी एक खास जगह बनाने के लिए यहां हैं। वीडियो में वह एक ब्लैक ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने इस पोस्ट के जरिए कुछ क्रिप्टिक संदेश दिया हैं, नेटिजंस इस पोस्ट को लेकर कई तरह के कयास लगा रहे हैं।

